# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, सोमवार, 20 जुलाई 2026

संवत 2083, अषाढ़ शुक्ल 6 मूल्य-3 रुपये

वर्ष-9, अंक 306 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▸▸ जब नौकरशाही खुद कटघरे में खड़ी हो जाए

राग‍िनी 3 मुख्य भूमिका निभायेगी तमन्ना भाटिया ◂◂ 6


# तोरपा में करंट से दो स्कूली छात्रों की मौत, छह घायल

**नवनीत रंजन**

तोरपा (खूंटी): खूंटी जिले के तोरपा थाना क्षेत्र स्थित निधिवन रेस्टोरेंट के समीप सोमवार को एक दर्दनाक हादसे में 11 हजार वोल्ट की बिजली लाइन की चपेट में आने से दो स्कूली छात्रों की मौत हो गई, जबकि छह अन्य बच्चे घायल हो गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, रथयात्रा के दौरान बच्चे सड़क किनारे खड़े रथ को धक्का देकर आगे बढ़ा रहे थे। इसी दौरान रथ पर लगा ऊंचा झंडा ऊपर से गुजर रहे 11 हजार वोल्ट तार से सट गया। तार के संपर्क में आते ही करंट पूरे रथ में फैल गया, जिससे रथ का धक्का दे रहे आठ स्कूली छात्र इसकी चपेट में आ गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई । स्थानीय लोगों ने तत्काल सभी घायलों को इलाज के लिए रेफरल अस्पताल तोरपा पहुंचाया। घटना में चंदन कुमार यादव (निवासी, तोरपा) तथा तिजेश्वर महतो (निवासी, टाटी टुरा टोली) की इलाज के दौरान मौत होने की सूचना है। वहीं अन्य छह बच्चों का अस्पताल में उपचार जारी है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई। हादसे के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है। प्रशासन की ओर से घायलों के समुचित इलाज की व्यवस्था की जा रही है।





## हजारीबाग मत्स्य विभाग परिसर से व्यक्ति का खून से लथपथ शव मिला , हत्या की आशंक

**मेट्रो रेज**

हजारीबाग : जिले के मत्स्य विभाग परिसर में सोमवार की सुबह एक व्यक्ति का खून से सना शव बरामद किया गया है। शव मिलने की खबर इलाके में हड़कंप मच गया है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरक्षण कर जांच शुरू कर दी है। खबर लिखे जाने तक शव की पहचान नहीं हो पाई थी।बताया जा रहा है कि मुक्ति सेवा संस्थान से जुड़े नीरज कुमार की नजर सोमवार सुबह शव पर पड़ी। उन्होंने तुरंत इसकी जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल की बारीकी से जांच कर जरूरी साक्ष्य जुटाए।

**शव की पहचान के लिए पू छताछ कर रही पुलिस**

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की कार्रवाई शुरू कर दी है। मृतक की पहचान के लिए आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस यह भी पता लगाने का प्रयास कर रही है कि मृतक वहां कैसे पहुंचा और उसकी मौत किन परिस्थितियों में हुई।

पुलिस हत्या, दुर्घटना और अन्य संभावित कारणों को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। घटनास्थल से मिले सुरागों और आसपास लगे संभावित सीसीटीवी कैमरों की भी जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि मौत की असली वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पुलिस जांच के बाद ही सामने आएगी।

**हजारीबाग में लगातार मिल रहे अज्ञात शव**

बता दें कि हजारीबाग में हाल के दिनों में कई अज्ञात शव मिले हैं, जिसने लोगों की चिंता बढ़ा दी है। सोमवार को मत्स्य विभाग परिसर से चौथा अज्ञात शव मिला है। इससे पहले टाउन स्टेशन के पास मालगाड़ी से एक शव मिला था।

इसके बाद हीराबाग इलाके और चुरचू थाना क्षेत्र से भी अज्ञात शव बरामद किए गए थे। लगातार मिल रहे अज्ञात शव की घटनाओं ने शहर में पुलिस गश्त और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## पतरातू रेलवे स्टेशन पर ट्रेन से कटकर युवक की मौत



रामगढ़ : जिले के पतरातू रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 1 पर सोमवार सुबह एक युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। मृतक की पहचान पतरातू रेलवे कॉलोनी निवासी शिवा भुईया (30 वर्षीय) के रूप में हुई है। घटना सुबह करीब 6-6:30 बजे के बीच की बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के इंस्पेक्टर अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और ट्रेनों का परिचालन प्रभावित न हो, इसलिए शव को पटरी से हटाकर किनारे रखा है। घटना की जानकारी जीआरपी बरकाकाना को दे दी गई है। जीआरपी के आने तक आरपीएफ के जवानों को मौके पर तैनात किया गया है।

## देवघर से परीक्षा देकर लौट रहे युवक की सड़क हादसे में मौत, 7 माह पहले हुई थी शादी



गिरिडीह: पचंबा-जमुआ मुख्य मार्ग पर रविवार देर रात सड़क हादसा हुआ है। यहां परियाना के पास स्थित स्कूल के समीप विपरीत दिशा से आ रहे एक ट्रक ने बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में रानीखावा (पचंबा थाना) निवासी उमेश कुमार मंडल (26 वर्षीय) की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि उमेश कुमार मंडल देवघर से जेएसएससी द्वारा आयोजित झारखंड क्षेत्रीय कार्यकर्ता प्रतियोगिता परीक्षा देकर घर लौट रहा था। तभी परियाना के पास स्थित स्कूल के समीप विपरीत दिशा से आ रहे एक ट्रक उसे टक्कर मारी और घसीटते हुए कुछ दूरी तक ले गया। स्थानीय लोगों ने ट्रक चालक को पकड़ने की कोशिश की। लेकिन वह ट्रक छोड़कर भागने लगा। इसके बाद ग्रामीणों ने उसे खदेड़कर पथला नावाडीह के निकट पकड़ लिया और घटना की जानकारी पचंबा पुलिस को दी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंचकर ट्रक व चालक को अपने कब्जे में ले लिया और घटनास्थल की जांच में जुट गई है। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों ने घायल युवक को एंबुलेंस की मदद से सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।बताया जाता है कि उमेश की शादी लगभग सात महीने पहले ही हुई थी। उसकी मौत की खबर फैलते ही उसकी पत्नी समेत पूरे परिवार में शोक की लहर दौड़ गई है। अस्पताल में शुभचिंतकों और परिजनों की भारी भीड़ जुट गई है और सभी का रो रोकर बुरा हाल है।पचंबा थाना पुलिस ने बताया कि चालक के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है और मामले की जांच चल रही है। जांच पूरी होने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## अग्रवाल बंधु हत्याकांड: लोकेश चौधरी को सुप्रीम कोर्ट से नहीं मिला बेल

**मेट्रो रेज**

रांची /दिल्ली : अग्रवाल बंधुओ के हत्यारे लोकेश चौधरी को बेल के लिए अभी और इंतजार करना होगा ने सुप्रीम कोर्ट में अपनी जमानत के लिए गुहार लगाई थी लेकिन सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान उसके अधिवक्ता ने याचिका वापस लेने का आग्रह किया जिसके बाद अदालत ने याचिका वापस लेने की अनुमति देते हुए याचिका खारिज कर दी।

**जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा और जस्टिस अतुल एस चांदुरकर की बेंच में हुई सुनवाई**

सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा और जस्टिस अतुल एस चांदुलकर की बेंच में लोकेश की याचिका पर सुनवाई हुई। लोकेश चौधरी को राँची सिविल कोर्ट ने वर्ष 2023 में 30 जून को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा



सुनाई थी। तब से वह जेल में बंद है।रांची सिविल कोर्ट के फैसले के खिलाफ लोकेश ने हाईकोर्ट में अपील याचिका भी दाखिल की थी। लेकिन हाईकोर्ट ने उसे राहत देने से इनकार करते हुए अपील याचिका खारिज कर दी थी। जिसके बाद अब उसने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था। लोकेश चौधरी ने अपने बॉडीगार्ड के साथ मिलकर पैसों के लेनदेन में हेमंत अग्रवाल और महेंद्र अग्रवाल की हत्या गोली मार कर दी थी।

## भद्रकाली मंदिर संचालन मामले में हाईकोर्ट का बड़ा फैसला, पूर्व के सभी आदेश वापस

**मेट्रो रेज**

**रांची:** चतरा जिले के प्रसिद्ध भद्रकाली मंदिर के संचालन से जुड़े मामले में झारखंड हाईकोर्ट ने महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। सोमवार को हुई सुनवाई के दौरान अदालत ने इस मामले में पूर्व में पारित अपने सभी आदेशों को वापस ले लिया। इसके साथ ही अब मंदिर की देखरेख और संचालन की जिम्मेदारी फिर से पुरानी प्रबंधन समिति संभाल सकेगी।

यह मामला झारखंड हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस आनंद की अदालत में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध था। याचिकाकताओं की ओर से अधिवक्ता अभय मिश्रा ने पक्ष रखा।

दरअसल, भद्रकाली मंदिर ट्रस्ट की ओर से हाईकोर्ट में याचिका दायर कर कहा गया था कि मंदिर का संचालन कर रहे ट्रस्ट को भंग करने का आदेश पूरी तरह गलत और तथ्यों के विपरीत है। ट्रस्ट ने



अदालत से इस आदेश को निरस्त करने की मांग की थी।

गौरतलब है कि वर्ष 2024 में हुई सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने ट्रस्ट को भंग किए जाने के आदेश पर रोक लगाते हुए चतरा सिविल कोर्ट के जिला जज को मंदिर का ट्रस्टी नियुक्त किया था। इसके बाद पुरानी प्रबंधन समिति के सदस्य लगातार मंदिर की जर्जर होती स्थिति में सुधार और आवश्यक कार्यों के लिए हाईकोर्ट द्वारा नियुक्त ट्रस्टी को पत्र लिखते रहे, लेकिन उनके अनुसार इस दिशा में कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई।

इसी को आधार बनाते हुए मामला एक बार फिर हाईकोर्ट के समक्ष लाया गया। सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने पूर्व में पारित सभी आदेश वापस लेते हुए पुरानी प्रबंधन समिति को मंदिर के संचालन और देखरेख की जिम्मेदारी संभालने की अनुमति दे दी। यह फैसला भद्रकाली मंदिर के प्रबंधन से जुड़े लंबे समय से चल रहे विवाद में अहम माना जा रहा है।

## टीपीसी का हार्डकोर उग्रवादी नरेश गंझू गिरफ्तार

चतरा: लातेहार जिले के बालूमाथ थाना क्षेत्र में सक्रिय नक्सली संगठन टीएसपीसी के फरार नक्सली नरेश गंझू उर्फ रविकांत जी (35 वर्ष) को रविवार की देर शाम चतरा जिले के लावालौंग थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया गया।चतरा एसपी अनिमेष नैथानी ने बताया कि गिरफ्तार नक्सली लावालौंग थाना क्षेत्र के मधनियाँ गांव का रहने वाला था।इसपर बालूमाथ थाना मे नक्सली गतिविधियों में संलिप्तता को लेकर प्राथमिकी दर्ज की गई थी। जिसमें वह तीन वर्षों से फरार चल रहा था। एक माह पूर्व बालूमाथ पुलिस ने लावालौंग में उसके घर पर इश्तेहार भी चिपकाया था। उन्होंने बताया कि लावालौंग पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर रविवार की देर शाम छापामारी कर नक्सली को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया गया। आपको बताते चलें कि गिरफ्तार नक्सली, टीएसपीसी के रिजनल कमांडर आक्रमण गंझू के दस्ते का सदस्य रहा है। पिछले चार वर्षों से वह नक्सली गतिविधियों को छोड़कर अपने घर पर रहकर खेती बारी कर रहा था। इसपर चतरा जिले के लावालौंग थाना कांड संख्या 30/18 एवं 23/20 तथा कुंदा थाना कांड संख्या 31/18 में प्राथमिकी दर्ज थी।

## समृद्धि एक्सप्रेस-वे पर ट्रक और कार के बीच जोरदार टक्कर, पांच की मौत



**एजेंसी**

**वर्धा:** महाराष्ट्र के वर्धा ज़िले में समृद्धि एक्सप्रेस-वे पर सोमवार को एक ट्रक के कार को टक्कर मारने से पांच लोगों की मौत हो गई और एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने यह जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि यह हादसा आज सुबह करीब छह बजे हुआ, जब ट्रक ने कार को पीछे से टक्कर मारी, जिससे कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। कार में सवार चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत हो गई। एक घायल व्यक्ति को पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस, हाईवे पेट्रोल के कर्मचारी और बचाव दल मौके पर पहुंचे और मलबे से पीड़ितों को बाहर निकाला और उन्हें अस्पताल पहुंचाया। उन्होंने बताया कि इस संबंध में मामला दर्ज कर लिया गया है और हादसे की सही वजह का पता लगाने के लिए जांच की जा रही है। मृतकों और घायल व्यक्ति के नामों का पता नहीं चल सका है। विस्तृत जानकारी की प्रतीक्षा है।

# जहां तथ्य और तर्क होते हैं, वहां तूफान के लिए जगह नहीं होती: प्रधानमंत्री

**एजेंसी**

**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मानसून की तरह संसद का मानसून सत्र भी सक्रिय और उत्पादक रहने की आशा व्यक्त करते हुए कहा कि दोनों ही सक्रिय होंगे तो देश का कल्याण होगा। श्री मोदी संसद के मानसून सत्र के पहले दिन सोमवार को संसद परिसर में कहा कि हम प्रार्थना करते हैं कि मानसून भी सक्रिय रहे और मानसून सत्र भी उत्पादक रहे। जब दोनों प्रोडक्टिव होते हैं तो देश का कल्याण होता है। उन्होंने कहा कि पिछले एक महीने में भारत ने राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय और अंतरिक्ष क्षेत्र में कई ऐसी उपलब्धियां हासिल की हैं, जिनसे हर देशवासी गर्व महसूस कर सकता है। श्री मोदी ने कहा कि पिछले वर्ष मानसून सत्र से एक दिन पहले



एक भारतीय नागरिक अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पहुंचा था और इस बार सत्र से दो दिन पहले ही एक भारतीय युवा स्टार्टअप ने अंतरिक्ष क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल की है।

उन्होंने कहा कि यह केवल संयोग नहीं, बल्कि इस बात का संदेश है कि भारत के युवाओं की आकांक्षाएं और क्षमताएं अंतरिक्ष जितनी असीम हैं। देश के स्टार्टअप में काम करने वाले युवाओं की औसत आयु करीब 28 वर्ष है और यही युवा भारत के भविष्य को नई दिशा दे रहे हैं। रिफॉर्म एक्सप्रेस पर सवार होकर आज देश चल पड़ा है, उसी का नतीजा है कि भारत के नौजवान इतना बड़ा साहस कर पाते हैं और सफल भी हो रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले दिनों राजस्थान में बहुत बड़ी ऑयल रिफाइनरी देश को समर्पित की गई। कुछ सप्ताह पहले देश का तीसरा सेमीकंडक्टर प्लांट देश को समर्पित किया गया। अभी कुछ दिन पहले ग्रीन हाइड्रोजन से चलने वाली ट्रेन देश को समर्पित की गई है। विश्व के बहुत कम देश ऐसे हैं, जिसके पास ये सुविधा है, लेकिन भारत ने जो हाइड्रोजन ट्रेन देशवासियों को समर्पित की है, वो सबसे ताकतवर इंजन वाली और सबसे लंबी है।

उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया में युद्ध जैसी वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारत 7।7 प्रतिशत की आर्थिक वृद्धि दर के साथ दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना हुआ है, जो देश की क्षमता और मजबूती का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि देश ने विकास की गति पकड़ ली है और संसद का यह सत्र उस गति को और तेज करने का अवसर है। उन्होंने सभी दलों के सांसदों से सार्थक चर्चा करने, राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने और सदन को सुचारु रूप से चलाने की अपील की। प्रधानमंत्री ने कहा कि जहां तथ्य और तर्क होते हैं, वहां तूफान के लिए जगह नहीं होती। आशा है कि यह सत्र तथ्य, तर्क और राष्ट्रहित की भावना के साथ आगे बढ़ेगा।

# उत्तराखंड में भारी बारिश और भूस्खलन चारधाम यात्रा की गई स्थगित

## श्रद्धालुओं से अफवाहों से बचने की अपील

**एजेंसी**

देहरादून: उत्तराखंड में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश और मौसम विभाग की ओर से जारी रेड एवं ऑरेंज अलर्ट के मद्देनजर प्रशासन ने चारधाम यात्रा को एहतियातन अस्थायी रूप से रोक दिया है। कई स्थानों पर भूस्खलन और सड़कें बाधित होने की सूचना मिलने के बाद यह निर्णय यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लिया गया। प्रशासन के अनुसार, चारधाम यात्रा मार्ग पर हालात की लगातार निगरानी की जा रही है। जिन स्थानों पर रास्ते प्रभावित हुए हैं, वहां राहत एवं सड़क बहाली का कार्य तेजी से जारी है। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि मार्ग में फंसे श्रद्धालुओं को सुरक्षित स्थानों पर ठहराया जाए और उन्हें भोजन, चिकित्सा तथा अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं।

गढ़वाल मंडल प्रशासन ने सभी संबंधित जिलाधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि मौसम सामान्य होने और मार्ग पूरी तरह सुरक्षित घोषित किए जाने के बाद ही यात्रियों को आगे बढ़ने की अनुमति दी जाए। साथ ही, यात्रा से जुड़ी सभी महत्वपूर्ण जानकारियां समय-समय पर आधिकारिक माध्यमों से साझा करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

प्रशासन ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे किसी भी तरह की अफवाहों पर भरोसा न करें और केवल सरकारी विभागों द्वारा जारी आधिकारिक सूचना का ही पालन करें। मौसम और सड़क की स्थिति सामान्य होने तक यात्रा से जुड़े सभी निर्देशों का पालन करने की सलाह दी गई है। अधिकारियों का कहना है कि परिस्थितियों में सुधार होते ही चारधाम यात्रा को दोबारा शुरू करने का निर्णय लिया जाएगा। फिलहाल प्रशासन की प्राथमिकता सभी श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना और प्रभावित मार्गों को जल्द से जल्द सुचारु बनाना है।

न्यूज IN ब्रीफ

## भाजपा का मिलन समारोह, फिटनेस एक्सपर्ट सुमित दुबे ने थामा बीजेपी का दामन



**रांची :** रांची महानगर जिला भाजपा की ओर से टीपूदाना में सदस्यता ग्रहण और मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में हटिया- तुपुदाना इलाके के जाने-माने समाजसेवी और फिटनेस एक्सपर्ट सुमित दुबे और उनकी पत्नी श्वेता दुबे ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ली। कार्यक्रम में उत्साह का माहौल देखने को मिला।

समारोह में केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ मुख्य रूप से मौजूद रहे। उनके अलावा भाजपा रांची महानगर जिला अध्यक्ष वरुण साहू, रांची जिला पूर्वी अध्यक्ष विनय महतो, रांची नगर निगम के उप महापौर नीरज कुमार, प्रदेश प्रवक्ता आरती कुजूर, महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्षा आरती सिंह समेत कई नेता कार्यक्रम में शामिल हुए। सभी नेताओं ने नए सदस्यों को अंगवस्त्र पहनाकर पार्टी में स्वागत किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संजय सेठ ने कहा कि भाजपा सिर्फ सत्ता पाने का जरिया नहीं बल्कि राष्ट्रसेवा से जुड़ा एक बड़ा जन आंदोलन है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास और आत्मनिर्भरता की राह पर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि नए सदस्यों के जुड़ने से संगठन को ताकत मिलेगी।

वहीं सुमित दुबे ने भाजपा से जुड़ने पर खुशी जताते हुए कहा कि पार्टी की विचारधारा और मोदी सरकार के कामकाज से प्रभावित होकर उन्होंने यह फैसला लिया है। उन्होंने पूरी निष्ठा से काम करने का भरोसा दिलाया।

भाजपा जिला अध्यक्ष वरुण साहू ने भाजपा को देश की सबसे भरोसेमंद पार्टी बताया और कहा कि लोग लगातार संगठन से जुड़ रहे हैं। वहीं विनय महतो ने कहा कि यह कार्यक्रम पार्टी की बढ़ती लोकप्रियता का सबूत है। उप महापौर नीरज कुमार ने नए सदस्यों से जनहित के कामों में सक्रिय रहने की अपील की।

## आभूषण दुकान चोरी मामले में स्वर्णकार संघ ने की त्वरित कार्रवाई की मांग



**तोरपाः** तोरपा बाजार स्थित एक आभूषण दुकान में शुक्रवार की रात करीब 10 लाख रुपये मूल्य के आभूषण एवं अन्य सामान की चोरी की घटना के बाद खूंटी जिला स्वर्णकार संघ ने पुलिस प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की मांग की है।

शनिवार को संघ के अध्यक्ष प्रशांत लाल के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल तोरपा थाना पहुंचा और थाना प्रभारी मनीष कुमार से मुलाकात कर चोरी की घटना का जल्द खुलासा करने तथा अपराधियों की अविलंब गिरफ्तारी की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि बाजार क्षेत्र में इस तरह की बड़ी चोरी से व्यापारियों में भय और असुरक्षा का माहौल बन गया है। संघ ने चोरी गए आभूषणों की बरामदगी, दोषियों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई, रात्रि गश्ती बढ़ाने तथा बाजार क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने की मांग रखी। इस पर थाना प्रभारी मनीष कुमार ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। उन्होंने बताया कि घटनास्थल एवं आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज के साथ-साथ अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर अपराधियों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि जल्द ही मामले का खुलासा कर आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल में संघ के महामंत्री बाबू सोनी, कोषाध्यक्ष देवेंद्र प्रसाद सोनी, संतोष लाल, पंचम कुमार सोनी, सुमित लाल, गणेश सोनी, सुनील सोनी, सुलेन्द्र सोनी सहित कई सदस्य उपस्थित थे।

## महाराज दक्ष प्रजापति महोत्सव 26 जुलाई को धूमधाम से मनाने का निर्णय



**चतरा :** प्रजापति समाज की जिला स्तरीय बैठक रविवार को जिला अध्यक्ष गौतम प्रजापति की अध्यक्षता में उनके आवास पर संपन्न हुई। बैठक में आगामी 26 जुलाई को सृष्टि के निमार्ता भगवान ब्रह्मा के मानस पुत्र महाराज दक्ष प्रजापति का महोत्सव जिला स्तर पर भव्य एवं धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया।बैठक में महोत्सव की तैयारियों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई तथा कार्यक्रम के सफल संचालन एवं समुचित व्यवस्था के लिए विभिन्न समितियों का गठन किया गया। सभी प्रखंड अध्यक्षों से अपने-अपने क्षेत्रों से अधिक से अधिक संख्या में समाज के लोगों की भागीदारी सुनिश्चित कराने का आह्वान किया गया। साथ ही महोत्सव के प्रचार-प्रसार एवं समाज के लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से प्रत्येक प्रखंड के लिए नोडल पदाधिकारियों की भी नियुक्ति की गई।बैठक में जिला संरक्षक नंदकिशोर प्रजापति, जिला मीडिया प्रभारी पप्पू कुमार प्रजापति, कोषाध्यक्ष उमेश प्रजापति, अशेश्वर प्रजापति, रोहन प्रजापति, सांसद प्रतिनिधि मनोज प्रजापति, नगर सचिव भैरव प्रजापति, जितेंद्र प्रजापति, रंजीत प्रजापति, अधिवक्ता संधीर प्रजापति, बबलू, शंभूदेव प्रजापति, शंभू राम, कौशल प्रजापति, अजय, गोविंद, चंदन, फूलचंद, अनिल, राहुल सहित विभिन्न प्रखंडों के पदाधिकारी एवं समाज के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। बैठक के अंत में महोत्सव को ऐतिहासिक बनाने का सामूहिक संकल्प लिया गया।

### फातिमा शेख सम्मान समारोह

# शिक्षा ही है सफलता की सबसे बड़ी कुंजी : मंत्री






संवाददाता

**रांची :** हज हाउस कडरू रांची में उम्मीद हेल्थ एंड एजुकेशन ट्रस्ट द्वारा आयोजित फातिमा शेख सम्मान समारोह में मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले लगभग 600 छात्र-छात्राओं को शील्ड, प्रमाण-पत्र (सर्टिफिकेट) एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा के महत्व, सामाजिक उत्थान और युवाओं के उज्ज्वल भविष्य पर विशेष जोर दिया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए उम्मीद हेल्थ एंड एजुकेशन ट्रस्ट के केंद्रीय अध्यक्ष अनवर खान ने ट्रस्ट की गतिविधियों की जानकारी देते हुए कहा कि संस्था शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सामाजिक कल्याण के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि फातिमा शेख देश की पहली महिला शिक्षिकाओं में से एक थीं और उन्होंने सावित्रीबाई फुले के साथ मिलकर शिक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक योगदान दिया। उनके नाम पर सम्मान समारोह आयोजित करने का उद्देश्य विद्यार्थियों को शिक्षा के प्रति प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि ट्रस्ट का सपना है कि छात्र-छात्राएं शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़कर समाज, राज्य और देश का नाम रोशन करें।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि झारखंड सरकार की कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक दौर में शिक्षा ही सफलता की सबसे बड़ी कुंजी है। उन्होंने उम्मीद ट्रस्ट और इसके केंद्रीय अध्यक्ष अनवर खान को इस सराहनीय पहल के लिए बधाई देते हुए कहा कि इतने बड़े स्तर पर मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करना समाज के लिए प्रेरणादायक कार्य है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि केवल डॉक्टर और इंजीनियर बनने का ही लक्ष्य न रखें, बल्कि अच्छे प्रशासक, जनप्रतिनिधि और जिम्मेदार नागरिक बनकर समाज की सेवा करें।

विशिष्ट अतिथि झारखंड सरकार के कल्याण मंत्री हफीजुल हसन अंसारी ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा को बढ़ावा देने वाले ऐसे ट्रस्ट समाज के लिए प्रेरणा हैं। उन्होंने कहा कि आर्थिक अभाव के कारण यदि किसी छात्र-छात्रा की पढ़ाई प्रभावित हो रही है, तो वे उम्मीद ट्रस्ट से संपर्क करें, हरसंभव सहयोग किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आज आवश्यकता इस बात की है कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले ताकि वे हर क्षेत्र में आगे बढ़ सकें। मंत्री ने फातिमा शेख के योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि वे सावित्रीबाई फुले की सहयोगी थीं और शिक्षा के प्रसार में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने युवाओं से पैगम्बर हजरत मोहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) की शिक्षाओं पर चलने तथा ऐसी शिक्षा प्राप्त करने का आह्वान किया, जिससे समाज, राज्य और देश का विकास हो। साथ ही उन्होंने लोगों से अपील की कि जिन्होंने अभी तक एसआईआर फॉर्म नहीं भरा है, वे जल्द से जल्द भरकर संबंधित बीएलओ के पास जमा करें। कार्यक्रम की शुरूआत कारी अंसारुल्लाह शहर काजी के तिलावत कुरान पाक और राष्ट्रगान के साथ हुआ। ट्रस्ट के महासचिव एम एस फरहान ने ट्रस्ट के कार्यों के बारे मे बताया और फातिमा शेख कौन थी, क्यों इस नाम से अवार्ड दिया जा रहा है बताया।

इस अवसर पर ट्रस्ट की ओर से सभी अतिथियों का शॉल, मोमेंटो और पुष्पगुच्छ देकर भव्य स्वागत एवं सम्मान किया गया। आयोजन समिति में अनवर खान केंद्रीय अध्यक्ष, एमएस फरहान महासचिव, अधिवक्ता मुमताज खान, मुजाहिद खान, फरहा परवीन, अंसारुल्लाह कासमी, आसिफ इकबाल, मोहम्मद नसीम, जावेद अख्तर, अफसाना परवीन, अब्दुल खालिक, इसरार (छोटू भाई)। कार्यक्रम में मसूद कच्छी, मास्टर उस्मान, मुजाहिद हुसैन, इश्तियाक रहमान, सैयद अंसारुल्लाह, महताब आलम, शाहिद रहमान सहित बड़ी संख्या में अभिभावक, सामाजिक कार्यकर्ता, ट्रस्ट के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। समारोह में विद्यार्थियों की उपलब्धियों पर खुशी व्यक्त करते हुए सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## पेपर लीक के खिलाफ कांग्रेस का मशाल जुलूस, धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग

संवाददाता

**रांची :** पेपर लीक के विरोध में झारखंड कांग्रेस ने रविवार को छात्रों की गूंजन अभियान के तहत रांची में विशाल मशाल जुलूस निकाला। कांग्रेस नेताओं और कार्यकताओं ने परीक्षा प्रणाली में सुधार, पेपर लीक पर रोक, छात्रों के भविष्य की सुरक्षा और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने केंद्र सरकार पर परीक्षा व्यवस्था को प्रभावी ढंग से संचालित करने में विफल रहने का आरोप लगाया। नेताओं ने कहा कि लगातार हो रहे पेपर लीक से लाखों छात्रों का भविष्य प्रभावित हो रहा है। पार्टी ने दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई तथा भर्ती और परीक्षा प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी बनाने की मांग की।



कांग्रेस नेताओं का आरोप है कि वर्ष 2016 से अब तक कई भर्ती परीक्षाओं में पेपर लीक की घटनाएं सामने आई हैं, जिससे युवाओं का भविष्य दांव पर लग गया है। उनका कहना है कि इन अनियमितताओं के कारण कई छात्र मानसिक तनाव से गुजर रहे हैं और कुछ ने आत्महत्या जैसा कदम भी उठाया। नेताओं ने सरकार से परीक्षा व्यवस्था में व्यापक सुधार करने की मांग की।

कांग्रेस ने कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व में चल रहे छात्रों की गूंजअभियान के जरिए छात्रों की आवाज सड़क से लेकर संसद तक उठाई जाएगी। पार्टी ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग दोहराते हुए पेपर लीक पर स्थायी रोक लगाने और छात्रों के हित में ठोस कदम उठाने की अपील की।

## पंचायत समिति सदस्य पार्वती देवी के प्रयास से लगा नया ट्रांसफार्मर

संवाददाता

**चतरा :** जिले के प्रतापपुर प्रखंड के बभने पंचायत में पिछले कुछ दिनों से छाए अंधेरे को दूर कर लिया गया है। पंचायत समिति सदस्य पार्वती देवी के अथक प्रयासों से गुरिया स्कूल के समीप नया 63 केवी (63 केवीए) का ट्रांसफार्मर लगाया गया है। इस पहल से करीब 50 घरों में एक बार फिर से रोशनी लौट आई है। जानकारी के मुताबिक, पुराना ट्रांसफार्मर जल जाने के कारण गांव में अंधेरा पसरा हुआ था और ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। ग्रामीणों के लगातार आग्रह के बाद पंचायत समिति सदस्य पार्वती देवी के नेतृत्व में पूनम देवी, गीतांजलि देवी, मनदीप पासवान, संतोष साव समेत दर्जनों ग्रामीणों ने चतरा बिजली विभाग कार्यालय का रुख किया। वहां उन्होंने बिजली विभाग के एसडीओ से मुलाकात कर अपनी समस्या रखी। विभाग ने कार्रवाई करते हुए जला हुआ ट्रांसफार्मर जमा लिया और गांव के लिए नया 63 केवी का ट्रांसफार्मर निर्गत किया। नया ट्रांसफार्मर गांव पहुंचते ही ग्रामीणों के चेहरे खिल उठे। बभने पंचायत की मुखिया संगीता देवी और समिति सदस्य पार्वती देवी ने ग्रामीणों के साथ संयुक्त रूप से फीता काटकर नए ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि उनके सहयोग से ही गांव को अंधेरे से मुक्ति मिली है।



## जगन्नाथपुर रथ मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन

**रांची :** सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखंड सरकार द्वारा ऐतिहासिक जगन्नाथपुर रथ मेला परिसर में आयोजित प्रचारात्मक सांस्कृतिक कार्यक्रम के चौथे दिन लोकगीत, लोकनृत्य और नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से नशामुक्ति एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का संदेश दिया गया। कार्यक्रम की शुरूआत नशा मुक्ति जागरूकता गीत ह्लमइत जाबा हुक्का बार नई तो दुनिया पार, नशा है मौतक बाजार... से हुई, जिसने उपस्थित लोगों को झूमने के साथ-साथ नशे से दूर रहने का संदेश भी दिया। कार्यक्रम के संयोजक सुनील कुमार ने कहा कि सूचना एवं जनसंपर्क विभाग का मंच केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और सामाजिक सरोकारों की जानकारी आम लोगों तक पहुंचाने का प्रभावी माध्यम भी है। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के प्रति कलाकारों की ओर से आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में विभाग से पंजीकृत सांस्कृतिक दलों ने आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। रूना देवी ने नागपुरी गीत-नृत्य से दर्शकों का मन मोह लिया, जबकि प्रज्वलित बिहार के कलाकारों ने उरांव लोकगीत-नृत्य के साथ नशा उन्मूलन एवं जनहितकारी योजनाओं पर आधारित प्रस्तुति दी। देर शाम योगेंद्र गोप और राजेश बड़ाईक ने पारंपरिक नागपुरी गीतों से माहौल को संगीतमय बना दिया।आयोजकों के अनुसार, कार्यक्रम के पांचवें दिन सुमन कुमारी द्वारा नागपुरी गीत-नृत्य, नागेश्वर महतो के नेतृत्व में युवा नमो छऊ नृत्य समिति की ओर से मानभूम छऊ नृत्य तथा आदि रुमबुल अखड़ा के कलाकारों द्वारा मुंडारी नृत्य प्रस्तुत किया जाएगा।

## मंदिर के जीर्णोद्धार में सहयोग की अपील

**रांची :** राजधानी के सुखदेव नगर थानांतर्गत जयप्रकाश नगर (खादगढ़ा) स्थित श्री गणेश-लक्ष्मी मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए मंदिर संचालन समिति व श्रीगणेश-लक्ष्मी मंदिर ट्रस्ट ने श्रद्धालुओं से सहयोग की अपील की है। ट्रस्ट के संरक्षक ई.अरुण कुमार सिंह, समाजसेवी सचिदानंद वर्मा, धर्मेन्द्र सिंह, विपुल तिवारी, वशिष्ठ नारायण तिवारी, शिवनंदन पाठक, गौरव कुमार स्वामी और श्री गणेश-लक्ष्मी मंदिर ट्रस्ट की अध्यक्ष रानी कुमारी ने श्रद्धालुओं, आम जनता व स्थानीय जनप्रतिनिधियों से मंदिर के जीर्णोद्धार हेतु सहयोग करने की अपील की है। इस संबंध में रानी कुमारी ने बताया कि श्री गणेश-लक्ष्मी मंदिर की स्थापना लगभग 35 वर्ष पूर्व की गई थी। इस मंदिर से विशेष कर राजधानी रांची व सुखदेव नगर थाना क्षेत्र के श्रद्धालुओं की गहरी आस्था जुड़ी है। मंदिर में काफी संख्या में श्रद्धालु प्रतिदिन पूजा-अर्चना करने पहुंचते हैं। सावन के महीने में मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है।

## तोरपा का पूरा मुहल्ला जलमग्न, महिलाओं ने दी सड़क जाम की चेतावनी

संवाददाता

**खूंटी :** जिले के तोरपा से एक बड़ी खबर सामने आई है, जहां एक चहारदीवारी के निर्माण के बाद बरसाती पानी की निकासी बाधित हो गई है। इसके कारण नगर भवन के पीछे स्थित झील नगर इलाके में करीब 15 परिवार जलजमाव की गंभीर समस्या से जूझ रहे हैं। प्रशासन को आवेदन देने के 24 घंटे बाद भी समाधान नहीं निकलने से स्थानीय महिलाओं ने सड़क जाम की चेतावनी दी है। तोरपा मुख्य सड़क स्थित नगर भवन के पीछे बसे झील नगर इलाका इन दिनों झील बना है, इलाके में हल्की बारिश ने ही लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। पूरे इलाके में पानी भर गया है और करीब 15 परिवारों का घरों से निकलना तक मुश्किल हो गया है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि भेलकी टोंगरी, संत जोसेफ कॉलेज, हाता, सिरूम टोली, हिल चौक और आसपास के क्षेत्रों का बरसाती पानी पहले एक पुलिया के जरिए छाता नदी में चला जाता था। लेकिन पुलिया से ठीक पहले एक परिवार द्वारा चहारदीवारी बना दिए जाने के कारण पानी का प्राकृतिक बहाव रुक गया है और पूरा पानी अब मुहल्ले में जमा हो रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि चहारदीवारी बनने के बाद पानी की दिशा पूरी तरह बदल गई है। अब बरसाती पानी निकलने के बजाय घरों और गलियों में जमा हो रहा है। इससे लोगों के सामने आवागमन, स्वच्छता और सुरक्षा की गंभीर समस्या खड़ी हो गई है। लोगों को आशंका है कि जलजमाव के कारण सांप और अन्य जहरीले जीव-जंतु घरों में



प्रवेश कर सकते हैं। यदि लगातार बारिश हुई तो हालात और भी गंभीर हो सकते हैं। मुहल्लावासियों ने सबसे पहले अनुमंडल पदाधिकारी और उपायुक्त को आवेदन देकर समस्या के समाधान की मांग की। लेकिन 24 घंटे बीत जाने के बाद भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने पर आज दोनों मुहल्लों की महिलाएं समूह बनाकर तोरपा थाना पहुंचीं और थाना प्रभारी मनीष कुमार से मुलाकात की। थाना प्रभारी ने अंचल अधिकारी पूजा बिन्हा से फोन पर बातचीत भी की। इसके बाद अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी और कुछ समाजसेवी मौके पर पहुंचे तथा जलनिकासी की समस्या का निरीक्षण किया। हालांकि काफी देर तक चर्चा के बावजूद तत्काल कोई समाधान नहीं निकल सका। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि प्रशासन जल्द जलनिकासी की व्यवस्था बहाल नहीं करता है, तो वे मजबूर होकर आंदोलन करेंगे। महिलाओं ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि कल तक समाधान नहीं हुआ तो वे मुख्य सड़क जाम करेंगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। ग्रामीणों ने उपायुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी और स्थानीय प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर बरसाती पानी के पुराने बहाव मार्ग को बहाल कराया जाए, ताकि लोगों को इस गंभीर समस्या से राहत मिल सके। फिलहाल तोरपा के झील नगर में जलजमाव लोगों के लिए बड़ी परेशानी बन चुका है। अब सबकी नजर प्रशासन की अगली कार्रवाई पर टिकी है। यदि समय रहते समाधान नहीं हुआ, तो स्थानीय लोगों के आंदोलन और सड़क जाम से स्थिति और गंभीर हो सकती है।

## मुख्यमंत्री ने राज्य के सभी डीसी को दिया निर्देश

# एसआईआर के दौरान कोई भी पात्र मतदाता न छूटे

संवाददाता

रांचीः सीएम हेमंत सोरेन ने कहा है कि राज्य का कोई भी पात्र नागरिक जानकारी के अभाव में मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने, संशोधन कराने या अन्य आवश्यक प्रक्रिया से वंचित नहीं रहे। इसके लिए प्रशासन मिशन मोड में कार्य करे और गणना फॉर्म भरने की सही जानकारी राज्य के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचायी जाये। रविवार को सीएम हेमंत सोरेन ने झारखंड में चल रहे एसआइआर अभियान को लेकर सभी डीसी को आवश्यक निर्देश जारी किया।

मतदाता गणना अभियान पर सीएम हेमंत का जोर : मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा है कि गणना फॉर्म भरने की प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेज और तय समय-सीमा को लेकर लोगों के बीच कोई भ्रम



नहीं रहे। इसके लिए पूरे राज्य में व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया जाये, जिससे हर पात्र नागरिक समय पर अपने लोकतांत्रिक अधिकार का उपयोग कर सके। हेमंत सोरेन ने जमीनी स्तर पर कार्य कर रहे बीएलओ को प्रशिक्षण देने के साथ संवेदनशीलता पर भी विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा है कि सभी बीएलओ को नियमित प्रशिक्षण दिया जाये।

बुर्जुगों-दिव्यांगजनों के लिए करें विशेष व्यवस्थाः सीएम ने बुर्जुगों, दिव्यांगजनों, दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले लोगों और आदिवासी समुदायों के के लिए। लिए विशेष व्यवस्था करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ने पर प्रशासनिक टीमें उनके घर तक पहुंच कर आवश्यक सहायता दिलायें। साथ ही झारखंड के प्रवासी नागरिकों तक भी एसआइआर से संबंधित जानकारी पहुंचाने की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। सीएम ने अधिकारियों से कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान पूरी पारदर्शिता और संवेदनशीलता के साथ संचालित हो।

## ग्रामीणों के बीच सूकर व बकरियों का वितरण

सिल्लीः सिल्ली प्रखंड परिसर में मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत शनिवार को पांच लाभुकों को सूकर एवं आठ लाभुकों के बीच बकरी का वितरण किया गया। बकरी का वितरण सिल्ली विधायक अमित कुमार महतो, जिप उपाध्यक्ष वीणा चौधरी, प्रमुख जितेन्द्र नाथ बड़ाइक व सिल्ली मुखिया भरत मुंडा ने संयुक्त रूप से किया। विधायक ने कहा कि सरकार की यह योजना लोगों को आर्थिक रूप से संपन्न बनाने की है। लोग सूकर व बकरी पालन कर अपनी आय में वृद्धि कर सकते हैं। लाभुकों को आठ बकरी दो बकरा तथा पांच सूकर के अलावा दवा और खाद्य सामग्री भी दी गयी। मौके पर प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉ अमित कुमार, अखिल महतो, विभागीय पदाधिकारी, कर्मी एवं लाभुक उपस्थित थे।

# उपायुक्त ने सावन को लेकर पहाड़ी मंदिर में की गयी तैयारियों का लिया जायजा



### - शीशे- मेटल के पात्र में पूजन सामग्री देने पर रोक

संवाददाता

**रांची :** राजधानी रांची के पहाड़ी मंदिर में सावन के दौरान शीशे में कोई भी पूजन सामग्री देने पर रोक लगा दी गयी है। दुकानदारों को निर्देश दिया गया है कि वह शीशे में कोई भी पूजन सामग्री न दें। भक्तों से भी अपील की गयी है कि पूजा के दौरान शीशे या मेटल की वस्तुओं का प्रयोग न करें। उक्त निर्देश उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने दिये। वे रविवार को सावन को लेकर पहाड़ी मंदिर पर की गयी तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे थे। स्थल निरीक्षण के बाद अधिकारियों को सावन से पहले पूरी तैयारी करने को कहा।

पहाड़ी मंदिर के विकास कार्यों का निरीक्षण : उपायुक्त ने पहाड़ी मंदिर में चल रहे विकास कार्यों का भी निरीक्षण किया। मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्र में श्रद्धालुओं की सुविधा को लेकर अधिकारियों और मंदिर समिति के सदस्यों को निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि पहाड़ी बाबा मंदिर तक पहुंचने वाले सीढ़ी मार्ग, शौचालय का निर्माण, सीढ़ियों पर श्रद्धालुओं के लिए बैठने की व्यवस्था, रास्तों में बिछाये जा रहे पेवर ब्लॉक, विद्युत आपूर्ति और पेयजल व्यवस्था सहित मंदिर में चल रहे सभी निर्माण व विकास कार्यों की जानकारी ली।

डीसी ने कहा कि सावन में भक्तों को दर्शन, पूजा आदि में कोई कठिनाई नहीं होनी चाहिए। इस दौरान उन्होंने पहाड़ी मंदिर में पूजा भी की। मौके पर एसडीओ कुमार रजत, सिटी एसपी पारस राणा, ट्रैफिक एसपी राकेश सिंह और पहाड़ी मंदिर समिति के सदस्य उपस्थित थे।

# केसरवानी वैश्य समाज ने की पूजा-अर्चना समाज की सुख-समृद्धि की कामना

मेट्रो रेज संवाददाता

**रांचीः** केसरवानी वैश्य समाज की ओर से चुटिया स्थित बड़ पहाड़ी बाबा की पारंपरिक पूजा-अर्चना श्रद्धा और भक्ति के साथ संपन्न की गयी। समाज की सैकड़ों वर्ष पुरानी इस परंपरा में बड़ी संख्या में समाज के लोगों ने भाग लिया और विधि-विधान से पूजा कर समाज की सुख-समृद्धि, खुशहाली एवं मंगलमय भविष्य की कामना की।

कार्यक्रम में मदन चौधरी, राजेश चौधरी, अजय चौधरी, मनीष केशरी, कैलाश केशरी, मुकेश चौधरी, केशव केशरी, शैलेश केशरी, नवीन केशरी, विवेक केशरी, उदय केशरी, आनंद केशरी, परमानंद केशरी, आनंद चौधरी एवं शिवम केशरी सहित समाज के अनेक लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर रांची जिला



केसरवानी समाज के महामंत्री रूपेश केशरी, अध्यक्ष राधेश्याम केशरी, चुटिया केसरवानी वैश्य समाज के महामंत्री अमरदीप केशरी, कोषाध्यक्ष अंकित आनंद केशरी सहित समाज के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि आने वाले वर्षों में बड़ पहाड़ी बाबा से जुड़ी इस ऐतिहासिक परंपरा को और अधिक भव्य स्वरूप दिया जाएगा, ताकि नई पीढ़ी अपनी संस्कृति, परंपरा और पूर्वजों की विरासत से जुड़ी रहे। उन्होंने समाज के युवाओं से सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने का भी आह्वान किया।

## पेड़ से लटकता हुआ महिला का शव बरामद, जांच में जुटी पुलिस



मुरीः सिल्ली थाना अन्तर्गत हलमाद निवासी मनिका देवी उम्र लगभग 35 बर्ष का शव पेड़ से लटकता हुआ पुलिस ने बरामद किया। शव की जांच की जा रही है। गांव में चर्चा है कि मृतक खूंटी की रहने वाली थी। हलमाद में उसकी शादी हुई थी। बाद में किसी अन्य लडके से उसका संबंध हो गया था। कारण कई बार गांव वालों ने उसे उस लड़के से मिलते जुलते देखा था।

### भक्ति रस से सराबोर हुआ तारा नगर पंच मंदिर

# महिला भजन मंडली ने प्रस्तुत किया मनमोहक भजन

मेट्रो रेज

**रांचीः** वार्ड -36 स्थित अरगोड़ा पीपर टोली, नागड़ा डीपा तारा नगर आवासीय परिसर के पंच मंदिर में सोमवार को भक्ति और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला। लाजपत नगर रोड नंबर-10 स्थित वैष्णो देवी मंदिर की महिला भजन मंडली ने पहली बार तारा नगर पंच मंदिर में भव्य भजन संध्या का आयोजन किया। कार्यक्रम में प्रस्तुत किए गए मधुर भजनों ने उपस्थित श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया।

पंच मंदिर के प्रधान पुजारी पंडित मणिकांत पाठक ने बताया कि महिला भजन मंडली अपने वाद्य यंत्रों एवं अन्य साजो-सामान के साथ मंदिर परिसर पहुंची और



शाम 4 बजे से भजन कार्यक्रम की शुरूआत की। करीब तीन घंटे तक चले इस आयोजन में मंडली ने एक से बढ़कर एक भक्ति गीत और हृदयस्पर्शी भजनों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का समापन शाम 7 बजे संध्या आरती के साथ हुआ।

भजन संध्या में बड़ी संख्या में तारा नगर आवासीय परिसर के श्रद्धालु एवं धर्मप्रेमी शामिल हुए। पूरे मंदिर परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहा और श्रद्धालु भजनों की स्वर लहरियों में पूरी तरह डूबे नजर आए।

महिला भजन मंडली की सदस्यों ने बताया कि तारा नगर पंच मंदिर में उनका यह पहला आयोजन था, जिसे श्रद्धालुओं का भरपूर प्रेम और सहयोग मिला। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में पंच मंदिर परिसर में ऐसे भजन कार्यक्रम और भी भव्य एवं व्यापक स्तर पर आयोजित किए जाएंगे, जिससे क्षेत्र में धार्मिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को और बढ़ावा मिलेगा।

कार्यक्रम के सफल आयोजन पर मंदिर समिति एवं श्रद्धालुओं ने महिला भजन मंडली का आभार व्यक्त किया तथा भविष्य में भी ऐसे धार्मिक आयोजनों के नियमित आयोजन की उम्मीद जताई।

# सिमलिया-नयाटोली की जर्जर सड़क पर फूटा लोगों का गुस्सा, सड़क निर्माण पूरा कराने की मांग

संवाददाता

**रांचीः** रातू थाना क्षेत्र अंतर्गत रिंग रोड से सिमलिया नयाटोली, नोभा नगर, जोजो नगर होते हुए मेजर कोठी तक जाने वाली करीब चार किलोमीटर लंबी मुख्य सड़क की बदहाल स्थिति को लेकर स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है। क्षेत्रवासियों का आरोप है कि वर्षों से सड़क जर्जर बनी हुई है, जिससे हजारों लोगों को रोजाना आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई बार जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से सड़क निर्माण की मांग की गई, लेकिन अब तक समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सका है।

स्थानीय लोगों के अनुसार यह सड़क रांची मुख्यालय से लगभग 8 से 9 किलोमीटर तथा दलादिली चौक स्थित रिंग रोड से करीब 1 से 1.5 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। इस मार्ग से प्रतिदिन सैकड़ों छोटे-बड़े वाहनों का आवागमन होता है। सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे होने के कारण आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। बारिश के मौसम में गड्ढों में पानी भर जाने से सड़क तालाब जैसी दिखाई देती है, जबकि गर्मियों में धूल उड़ने से लोगों का जीना मुश्किल हो जाता है।

क्षेत्रवासियों का कहना है कि उन्होंने कई बार सांसद, विधायक और प्रशासनिक अधिकारियों से सड़क निर्माण की मांग की, लेकिन आश्वासन के अलावा



कुछ नहीं मिला। लोगों का आरोप है कि जनप्रतिनिधि चुनाव के समय विकास के बड़े-बड़े दावे करते हैं, लेकिन सड़क जैसी बुनियादी समस्या की ओर ध्यान नहीं दिया जाता, जिससे क्षेत्र में निराशा और असंतोष का माहौल है।

राष्ट्र सेवा फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं नयाटोली सिमलिया निवासी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि सड़क की खराब स्थिति के कारण सबसे अधिक परेशानी स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को उठानी पड़ रही है। बच्चों को समय पर स्कूल पहुंचाना चुनौती बन गया है और कई बार दुर्घटनाओं के कारण उन्हें बीच रास्ते से वापस लौटना पड़ता है। वहीं महिलाओं को दैनिक जरूरत का सामान लाने के लिए भी काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

उन्होंने बताया कि सड़क निर्माण की मांग को लेकर क्षेत्रवासियों ने पहले सड़क पर धान रोपकर विरोध-प्रदर्शन भी किया था। इसके बाद 26 सितंबर 2024 को तत्कालीन सांसद सह केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ तथा विधायक नवीन जायसवाल द्वारा सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया था। उनका आरोप है कि विधानसभा चुनाव के दौरान कुछ दूरी तक निर्माण कार्य कराया गया, लेकिन उसके बाद काम अधूरा छोड़ दिया गया और आज तक सड़क का निर्माण पूरा नहीं हो सका।

सुनील कुमार सिंह ने क्षेत्रवासियों की ओर से सांसद, विधायक, संबंधित विभाग तथा राज्य सरकार से मांग की है कि अधूरे पड़े सड़क निर्माण कार्य को जल्द पूरा कराया जाए, ताकि सिमलिया, नयाटोली, नोभा नगर और आसपास के हजारों लोगों को सुरक्षित एवं सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके।

## हाईकोर्ट परिसर में फुटबॉल ग्राउंड बनाए जाने का विरोध

रांचीः झारखंड हाईकोर्ट परिसर में फुटबॉल ग्राउंड बनाए जाने के प्रस्ताव को लेकर अधिवक्ताओं ने अपनी आपत्ति दर्ज कराई है। इस मुद्दे पर हाईकोर्ट एडवोकेट्स एसोसिएशन ने पहले ही पत्र लिखकर फैसले का विरोध किया था। सोमवार को अदालत की कार्यवाही शुरू होते ही यह मामला चीफ जस्टिस और न्यायमूर्ति राजेश शंकर की खंडपीठ के समक्ष उठाया गया।

सुनवाई के दौरान एडहॉक कमेटी के अध्यक्ष ऋतू कुमार और महासचिव नवीन कुमार ने अदालत को बताया कि यदि हाईकोर्ट परिसर की खाली जमीन का उपयोग किया जाना है, तो वहां फुटबॉल ग्राउंड के बजाय अधिवक्ताओं के लिए नए चैंबर और विशेष रूप से नए वकीलों के बैठने की पर्याप्त व्यवस्था की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान में उपलब्ध स्थान अधिवक्ताओं की जरूरतों के अनुरूप पर्याप्त नहीं है। मामले पर सुनवाई करते हुए खंडपीठ ने कहा कि उसे इस प्रस्ताव की जानकारी नहीं है। इसके बाद अदालत ने पूरे मामले की वस्तुस्थिति स्पष्ट करने के लिए हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल से विस्तृत अपडेट और रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया।

# सर्वेश्वरी वृक्षारोपण अभियान : संस्था ने रांची के हिसरी गांव में 250 पौधे लगाए व बांटे

संवाददाता

रांची : श्री सर्वेश्वरी समूह की रांची शाखा की ओर से सर्वेश्वरी वृक्षारोपण अभियान 2026 चलाया जा रहा है। अभियान के पहले चरण में रांची जिले के बाजपुर पंचायत स्थित हिसरी गांव में वृक्षारोपण और पौधा वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत अनिल कश्यप के प्लॉट में करीब 50 पौधे लगाकर की गई। इस दौरान मोहगनी, शीशम, सागवान, गम्हार, जामुन, अमरूद और कटहल सहित कई प्रजातियों के पौधे लगाए गए।

पौधरोपण रोपण कार्यक्रम के बाद एक जागरूकता गोष्ठी आयोजित की गई, जिसमें गांव के लोगों को श्री सर्वेश्वरी समूह के कार्यों की जानकारी दी गई। साथ ही उन्हें पर्यावरण संरक्षण, अधिक से



अधिक पेड़ लगाने और उनकी देखभाल करने के लिए प्रेरित किया गया।

गोष्ठी के बाद ग्रामीणों के बीच करीब 200 पौधों का वितरण किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में अनिल कश्यप, अंकित कश्यप, विक्रम तिवारी, कृष्णा गोप, श्रीकांत तिवारी, विनय तिवारी, सजाद अंसारी और पिंटू प्रजापति का विशेष सहयोग रहा।

इस अवसर पर श्री सर्वेश्वरी समूह की रांची शाखा की ओर से राधेश्याम सिंह, विभूति शंकर सहाय, हेमंत नाथ शाहदेव, अभय सहाय, नवल किशोर सिंह, अरुण सिंह और आशुतोष कुमार सहित लगभग 20 सदस्य उपस्थित रहे।

# झालदा में दो दिवसीय श्रावणी मेला का शुभारंभ

संवाददाता

मुरीः शनिवार को गणपति मैरिज हॉल झालदा में मारवाड़ी महिला समिति द्वारा दो दिवसीय श्रावणी मेला का शुभ्रारंभ किया गया। श्रावणी मेले में दर्जनों विभिन्न तरह के स्टाल लगाए गए। सिल्ली मारवाड़ी महिला समिति के रेखा अग्रवाल ने मैगी, चाउमीन, मावा, मोमोज कांजी बाड़ा, समोसा हलवा आदि विभिन्न स्वादिष्ट व्यंजन के स्टाल लगाए। स्वादिष्ट व्यंजन वाले स्टाल पर लोगों की रुचि ज्यादा दिखाई दिए। समिति की महिलाओं ने मेले में आए सभी लोगों को श्रावणी मेला की शुभकामनाएं दी। शशि पोडिया ने स्टाल-1 में बच्चा राखी, भाई एंव भाभी राखी, लाईट आइटम, भगवान के पोशाक, मुकुट आदि बेचने के लिए लगाए। सुनीता अग्रवाल झालदा द्वारा पावभाजी, पिज्जा, गुलाब जामुन,ईडली का स्टाल लगाए गए। महिला परिधान र के ढेड़ सारे आइटम नरायणी बुटिक सिल्ली द्वारा मेले में लगाए गए, इसमें बैग, साडी, शूट पोशाक भी स्टाल में देखे गए। शयाम सवारियां स्टाल में कन्हा भगवान के सजावट और पहनावे से जुड़े समान एक से बढ कर एक बिक्री के लिए सजाए गए। वर्षा के वावजूद आसपास के काफी लोग मेले में पहुंचे। गहने, चुड़ी, चैन, रिंग, कान का रिंग का स्टाल प्रेम शर्मा झालदा द्वारा मेले की शोभा बढाया है। परफेक्ट होम डेकोरेटस में मैट, चाईनिज बुद्धा, और भगवान बुद्ध के दर्जनों मुर्ति अलग अलग मुल्यों में थी। फिर बंगाल के बाकुंडा से स्वाति अग्रवाल ढेरों सजावटी समान स्टाल में लगा रखे थे। प्रेम लता हेटामसरिया, पुजा अग्रवाल, मीता हेटामसरिया , ललिता अग्रवाल, अनीता अग्रवाल, आदित्य कुमारी,अष्टमी सिंह श्रावणी मेला को सफल बनाने के लिए सराहनीय योगदान दे रहे हैं।

## सुविचार

**सबसे मुश्किल रास्ता वह होता है जब आपको अकेले चलना पड़ता है, लेकिन वही रास्ता आपको मजबूत भी बनाता है।**

## साझा भविष्य की सबसे मजबूत नींव है युवा कौशल क्रांति

तकनीकी और व्यावसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण तथा स्थानीय व वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं के लिए प्रासंगिक अन्य कौशलों के विकास के बारे में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 15 जुलाई को ह्यविश्व युवा कौशल दिवसह्ल मनाया जाता है। चूंकि यह दिन विश्वभर के युवाओं को रोजगार, काम और एंटरप्रेन्योर बनने के लिए जरूरी स्किल्स से लैस बनाने के लिए समर्पित है इसीलिए यह दिवस मनाए जाने का काफी महत्व है। दरअसल, पूरी दुनिया आज कई गंभीर चुनौतियों का सामना कर रही है, जिनमें से कई चुनौतियां खासकर युवा वर्ग को बहुत प्रभावित करती हैं। यह दिवस युवाओं और ह्यतकनीकी, व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षणह्ल (टीवीईटी) संस्थानों, फर्मों, नियोक्ताओं, श्रमिक संगठनों, नीति निमार्ताओं तथा विकास भागीदारों के बीच संवाद का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करता है। यह दिन लैंगिक असमानता को समाप्त करने तथा कमजोर लोगों तक संसाधनों की पहुंच सुनिश्चित करने को बढ़ावा देने के लिए भी खास माना जाता है। विभिन्न रिपोर्टों के मुताबिक पूरी दुनिया में 200 मिलियन से भी ज्यादा युवा या तो बेरोजगार हैं या उनके पास नौकरी तो है लेकिन वे गरीबी में जी रहे हैं। केवल 1997 और 2017 के बीच ही युवा आबादी में 139 मिलियन की वृद्धि हुई, वहीं युवा श्रम बल में 58.7 मिलियन की कमी आई। कोरोना काल के बाद तो युवा श्रम बल को लेकर स्थिति काफी बदतर हुई। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार उभरती और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं में पांच में से दो युवा श्रमिक प्रतिदिन 3.1 अमेरिकी डॉलर से भी कम पर जीवनयापन करते हैं और वैश्विक स्तर पर 4 में से 3 युवा कर्मचारी अनौपचारिक अर्थव्यवस्था में कार्यरत हैं, जो सभ्य काम नहीं है। वैश्विक स्तर पर अधिकांश युवा अभी भी स्थिर या संतोषजनक नौकरी पाने के लिए औसतन 13.8 महीने तक प्रतीक्षा करते हैं, जो शिक्षा से नौकरी में एक कठिन संक्रमण को दशार्ता है। चूंकि पूरी दुनिया में युवा बेरोजगारों बहुत बड़ी फौज है इसलिए उनके लिए आने वाली चुनौतियों का सफलतापूर्वक प्रबंधन करने के कौशल से लैस होना और भविष्य में होने वाली बाधाओं को झेलने के लिए लचीलापन होना आवश्यक है। वैश्विक स्तर पर बढ़ती युवा बेरोजगारी आज की अर्थव्यवस्थाओं और समाजों के सामने विकसित और विकासशील देशों के लिए सबसे बड़ी समस्या है। इसीलिए विश्व युवा कौशल दिवस का मुख्य उद्देश्य बेरोजगारी और अल्प रोजगार की चुनौतियों के संदर्भ में आज के युवाओं के लिए बेहतर सामाजिक-आर्थिक स्थिति प्राप्त करना है। युवाओं को रोजगार, अच्छे कार्य और उद्यमिता के लिए आवश्यक कौशल प्रदान करने के रणनीतिक महत्व को स्वीकार करने और साथ ही वैश्विक चुनौतियों का समाधान करने तथा सतत विकास को आगे बढ़ाने के लिए ही संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 15 जुलाई 2014 को विश्व युवा कौशल दिवस मनाने की घोषणा की थी, तभी से यह दिवस 15 जुलाई को एक खास विषय के साथ मनाया जा रहा है। इस वर्ष इस दिवस के लिए ह्यसाझा भविष्य के लिए कौशलह्ल विषय निर्धारित किया गया है जो इस विचार को रेखांकित करता है कि भविष्य केवल तकनीकी दक्षता से नहीं बल्कि ऐसे संतुलित कौशलों से निर्मित होगा, जिनमें डिजिटल साक्षरता, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, हरित तकनीक, सामाजिक-भावनात्मक समझ, सहयोग, नवाचार और जिम्मेदार नागरिकता का समावेश हो। भारत में 2015 में इसी दिन यानी 15 जुलाई को ही कौशल विकास को बढ़ावा देने के लिए ह्यप्रधानमंत्री कौशल विकास योजनाह्ल (पीएमकेवीवाई) की शुरूआत की गई थी। इसके तहत युवाओं को मुफ्त में लघु अवधि का औद्योगिक कौशल प्रशिक्षण दिया जाता है ताकि वे रोजगार प्राप्त कर सकें। 14 से 35 वर्ष के युवा इस मिशन के तहत प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं। प्रशिक्षण के लिए तीन महीने, छह महीने या एक वर्ष के लिए रजिस्ट्रेशन कराना होता है। कोर्स पूरा करने के पश्चात प्रमाणपत्र दिया जाता है, जो देशभर में मान्य है और इस कौशल प्रमाणपत्र के आधार पर आसानी से रोजगार प्राप्त किया जा सकता है।चूंकि युवा वर्ग समाज में अधिक न्यायसंगत, समान और प्रगतिशील अवसरों तथा समाधानों की मांग कर रहा है इसलिए युवाओं के समक्ष आने वाली शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और लैंगिक समानता तक पहुंच जैसी बहुमुखी चुनौतियों के समाधान की आवश्यकता पहले से कहीं ज्यादा महत्वपूर्ण हो गई है। इसके लिए युवाओं को कौशल प्रदान करने के साथ-साथ उन्हें अपने कार्य वातावरण में अधिक रोजगार योग्य तथा अधिक उत्पादक बनाने के लिए गंभीर पहल किए जाने की भी जरूरत है। भारत में केंद्र सरकार की ऐसी ही महत्वपूर्ण पहल है ह्यकौशल भारतह्ल, जिसके जरिये सफल होने के लिए युवाओं को आवश्यक कौशल से लैस करने के प्रयास किए जाते हैं। ह्यस्किलिंग इंडियाह्ल के तहत ह्यकौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालयह्ल भारतीयों में ऐसे कौशल विकसित करने की पहल और योजनाओं पर ध्यान केंद्रित कर रहा है, जिससे वे राष्ट्र निर्माण में योगदान बढ़ा सकें। दरअसल, युवा राष्ट्र निर्माण और छवि निर्माण दोनों में ही सबसे बड़े हितधारक हैं इसलिए उनके उज्ज्वल भविष्य को सुनिश्चित करने के लिए युवाओं को कौशल प्रदान करने तथा देश और दुनिया को एक बड़ा कुशल कार्यबल प्रदान करने पर सरकार का फोकस है। युवाओं के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं में ह्यनेशनल अप्रेन्टसशिप प्रोमोशन स्कीमह्ल, युवाओं को स्टार्टअप शुरू करने, नवविचार को प्रोमोट करने, देश में स्टार्टअप कल्चर को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ह्यस्टार्टअप इंडियाह्ल, बेरोजगार युवाओं और महिलाओं को नया कारोबार शुरू करने के लिए लोन उपलब्ध करवाने के लिए ह्यपीएम रोजगार योजनाह्ल इत्यादि विभिन्न योजनाएं शामिल हैं। संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक हिंसक संघर्ष शिक्षा और स्थिरता को बाधित करते हैं, ऑनलाइन वातावरण में नकारात्मकता को बढ़ावा देने वाला ध्रुवीकृत वातावरण और लगातार आर्थिक असमानता अवसरों को सीमित करती है। ये मुद्दे न केवल व्यक्तिगत भविष्य बल्कि समाज की समग्र स्थिरता को भी खतरे में डालते हैं। शांति की संस्कृति को बढ़ावा देने, जिम्मेदार वैश्विक नागरिकों का पोषण करने और सभी के लिए अधिक न्यायपूर्ण, समावेशी और टिकाऊ भविष्य बनाने के लिए सतत विकास को बढ़ावा देने के लिए युवाओं को आवश्यक कौशल से लैस करना महत्वपूर्ण है। विश्व युवा कौशल दिवस युवाओं की क्षमता को पहचानने, उन्हें चुनौतियों का सामना करने तथा शांतिपूर्ण, समृद्ध और टिकाऊ भविष्य में योगदान देने के लिए कौशल और अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्धता पर जोर देता है। तीव्र गति से विकसित होती प्रौद्योगिकी और नौकरी बाजार की निरंतर विकसित होती प्रकृति को देखते हुए युवाओं को अनुकूलनीय और बहुमुखी कौशल सैट के साथ सशक्त बनाना बहुत महत्वपूर्ण हो गया है। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुतारेस का कहना है कि न केवल आज बल्कि हर दिन शिक्षा को बदलने के लिए काम करते हुए यह सुनिश्चित करने के भी प्रयास होने चाहिएं कि युवाओं के पास वह सबकुछ हो, जो उनके लिए अधिक शांतिपूर्ण, टिकाऊ भविष्य को आकार देने और उनके कौशल को विकसित करने के लिए आवश्यक है। अब चूंकि विभिन्न उद्योगों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीकों का तेजी से उपयोग कार्य के परिदृश्य को बदल रहा है इसलिए भविष्य की नौकरियों के लिए युवाओं को तैयार करने हेतु उन्हें आवश्यक एआई कौशल से लैस करना बेहद महत्वपूर्ण हो गया है।

# जब नौकरशाही खुद कटघरे में खड़ी हो जाए

**यह स्थिति केवल हरियाणा तक सीमित नहीं मानी जानी चाहिए। पिछले कुछ वर्षों में देश के विभिन्न राज्यों में नौकरशाही और राजनीति के संबंधों, प्रशासनिक जवाबदेही, जांच एजेंसियों की भूमिका तथा निर्णय प्रक्रिया की पारदर्शिता को लेकर लगातार बहस होती रही है। किंतु हरियाणा का मामला इसलिए अधिक महत्वपूर्ण है क्योंकि यहां विवाद केवल सरकार और अधिकारियों के बीच नहीं बल्कि अधिकारियों के बीच ही खुलकर सामने आया है। इससे प्रशासनिक सेवा की उस सामूहिक छवि को आघात**

**डॉ. सत्यवान सौरभ**

हरियाणा की प्रशासनिक व्यवस्था इन दिनों ऐसे दौर से गुजर रही है जिसने भारतीय नौकरशाही की विश्वसनीयता, पारदर्शिता और आंतरिक एकजुटता पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े कर दिए हैं। सामान्यतः भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारियों को शासन व्यवस्था की रीढ़ माना जाता है। उनसे अपेक्षा की जाती है कि वे राजनीतिक परिवर्तन के बावजूद प्रशासनिक निष्पक्षता, संवैधानिक मूल्यों और जनहित को सर्वोपरि रखें। किंतु जब स्वयं उसी सेवा के अधिकारी एक-दूसरे पर आरोप लगाने लगें, जांच एजेंसियों के समक्ष एक-दूसरे की भूमिका पर प्रश्न उठाने लगें और प्रशासनिक तंत्र के भीतर अविश्वास का वातावरण बन जाए तब यह केवल कुछ व्यक्तियों का मामला नहीं रह जाता बल्कि पूरी शासन व्यवस्था की साख पर प्रभाव डालता है। हाल के घटनाक्रम में हरियाणा के कई आईएएस अधिकारियों की गिरफ्तारी, अन्य अधिकारियों के विरुद्ध अभियोजन स्वीकृति तथा आपसी आरोप-प्रत्यारोप ने यही संकेत दिया है कि मामला व्यक्तिगत दायित्व से आगे बढ़कर संस्थागत संकट का रूप ले रहा है।

बताया गया है कि बैंकिंग और सरकारी धन से जुड़े बड़े वित्तीय अनियमितता प्रकरण में कई वरिष्ठ अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई हुई है। कुछ अधिकारी गिरफ्तार हुए, जबकि अन्य के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत अभियोजन की स्वीकृति दी गई। सबसे अधिक चर्चा इस बात की रही कि इस बार प्रशासनिक सेवा के भीतर वह परंपरागत एकजुटता दिखाई नहीं दी, जिसकी अपेक्षा अक्सर ऐसे मामलों में की जाती रही है। इसके विपरीत विभिन्न अधिकारियों द्वारा अपने बचाव में दूसरे अधिकारियों की भूमिका पर प्रश्न उठाए गए, फाइल नोटिंग, मौखिक निर्देश और निर्णय प्रक्रिया को लेकर नए विवाद सामने आए। इससे यह धारणा बनी कि प्रशासनिक सेवा के भीतर विश्वास का ताना-बाना कमजोर हो रहा है।

यह स्थिति केवल हरियाणा तक सीमित नहीं मानी जानी चाहिए। पिछले कुछ वर्षों में देश के विभिन्न राज्यों में नौकरशाही और राजनीति के संबंधों, प्रशासनिक जवाबदेही, जांच एजेंसियों की भूमिका तथा निर्णय प्रक्रिया की पारदर्शिता को लेकर लगातार बहस होती रही है। किंतु हरियाणा का मामला इसलिए अधिक महत्वपूर्ण है क्योंकि यहां विवाद केवल सरकार और अधिकारियों के बीच नहीं बल्कि अधिकारियों के बीच ही खुलकर सामने आया है। इससे प्रशासनिक सेवा की उस सामूहिक छवि को आघात पहुंचा है जो निष्पक्षता, गोपनीयता और संस्थागत अनुशासन पर आधारित मानी जाती है। लोकतांत्रिक शासन में किसी भी अधिकारी का कानून से ऊपर होना स्वीकार्य नहीं है। यदि किसी अधिकारी ने भ्रष्टाचार किया है, सरकारी धन के दुरुपयोग में भूमिका निभाई है अथवा अपने अधिकारों का दुरुपयोग किया है तो उसके विरुद्ध निष्पक्ष जांच और विधि सम्मत कार्रवाई अनिवार्य है। लेकिन उतना ही आवश्यक यह भी है कि जांच प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी, निष्पक्ष और राजनीतिक प्रभाव से मुक्त दिखाई दे। केवल न्याय होना पर्याप्त नहीं, न्याय होते हुए दिखाई देना भी उतना ही आवश्यक है। इस पूरे घटनाक्रम का एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि अधिकारियों के बीच असहजता दिखाई दी कि राज्य की जांच एजेंसी द्वारा कार्रवाई के बाद मामला केंद्रीय जांच एजेंसी तक कैसे पहुंचा। कुछ अधिकारियों ने इस निर्णय पर भी प्रश्न उठाए हैं। हालांकि किसी भी मामले की जांच किस एजेंसी द्वारा होगी, यह संबंधित परिस्थितियों और कानूनी प्रक्रिया पर निर्भर करता है लेकिन ऐसी स्थितियां प्रशासनिक मनोबल को प्रभावित करती हैं और सेवा के भीतर असुरक्षा की भावना पैदा कर सकती हैं।

प्रशासनिक सेवा का मूल आधार केवल अधिकार नहीं बल्कि उत्तरदायित्व है। प्रत्येक फाइल, प्रत्येक वित्तीय स्वीकृति और प्रत्येक प्रशासनिक निर्णय सामूहिक प्रक्रिया का हिस्सा होता है। इसलिए यदि किसी स्तर पर अनियमितता हुई है तो केवल अंतिम हस्ताक्षर करने वाले अधिकारी को दोषी मान लेना भी उचित नहीं होगा और केवल यह कहकर जिम्मेदारी से बच निकलना भी उचित नहीं कि निर्णय सामूहिक था। जांच का उद्देश्य व्यक्तिगत दायित्व निर्धारित करना होना चाहिए, न कि केवल कुछ नामों को चिन्हित कर देना। यह भी विचारणीय है कि क्या हमारी प्रशासनिक प्रणाली में निर्णय लेने की प्रक्रिया पर्याप्त रूप से प्रलेखित होती है। आज भी अनेक महत्वपूर्ण निर्णय मौखिक निदेशों, अनौपचारिक बैठकों और फोन पर हुई चचाओं के आधार पर आगे बढ़ जाते हैं। जब तक सब कुछ सामान्य चलता है, तब तक यह व्यवस्था सुविधाजनक लगती है लेकिन जैसे ही कोई विवाद सामने आता है, वही मौखिक निर्देश सबसे बड़ा विवाद बन जाते हैं। इसलिए शासन व्यवस्था में प्रत्येक महत्वपूर्ण निर्णय का लिखित रिकॉर्ड, डिजिटल ट्रैकिंग और स्पष्ट उत्तरदायित्व तय होना चाहिए। इस पूरे घटनाक्रम का दूसरा पक्ष नौकरशाही के मनोबल से जुड़ा है। ईमानदार अधिकारियों के मन में यह आशंका पैदा हो सकती है कि यदि भविष्य में किसी सामूहिक निर्णय पर विवाद हुआ तो कहीं उन्हें भी बिना पर्याप्त सुरक्षा के कठघरे में न खड़ा कर दिया जाए। दूसरी ओर यदि भ्रष्टाचार के मामलों में कठोर कार्रवाई नहीं होगी तो जनता का विश्वास समाप्त होगा। इसलिए संतुलन अत्यंत आवश्यक है। ईमानदार अधिकारियों को संस्थागत सुरक्षा और भ्रष्ट अधिकारियों को कठोर दंड- दोनों समान रूप से आवश्यक हैं। हरियाणा का यह प्रकरण प्रशासनिक सुधारों की आवश्यकता को भी रेखांकित करता है। भारत में लंबे समय से सिविल सेवा सुधारों पर चर्चा होती रही है। फाइलों का पूर्ण डिजिटलीकरण, निर्णय प्रक्रिया की पारदर्शिता, समयबद्ध ऑडिट, स्वतंत्र सतर्कता तंत्र तथा उत्तरदायित्व आधारित प्रशासन आज की आवश्यकता हैं। यदि प्रत्येक वित्तीय निर्णय का डिजिटल रिकॉर्ड उपलब्ध होगा तो बाद में जिम्मेदारी तय करना अपेक्षाकृत सरल होगा और अनावश्यक विवाद भी कम होंगे। यह भी आवश्यक है कि राजनीतिक नेतृत्व और नौकरशाही के संबंध स्पष्ट संवैधानिक मयार्दाओं के भीतर रहें। लोकतंत्र में नीति निर्माण निर्वाचित सरकार का अधिकार है, जबकि उसका निष्पक्ष क्रियान्वयन प्रशासनिक सेवा की जिम्मेदारी है। यदि दोनों के बीच संतुलन बिगड़ता है तो प्रशासनिक निष्पक्षता प्रभावित होती है। इसलिए संस्थागत स्वतंत्रता और जवाबदेही दोनों का समान महत्व है। इस पूरे प्रकरण से एक सामाजिक संदेश भी निकलता है। आम नागरिक अक्सर यह मानता है कि उच्च पदों पर बैठे लोग कानून से ऊपर होते हैं। यदि किसी भी स्तर पर निष्पक्ष जांच होती है और दोष सिद्ध होने पर कार्रवाई होती है तो इससे कानून के शासन की भावना मजबूत होती है।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# क्या प्रधानमंत्री मोदी की यात्राओं ने विदेश नीति को नई धार दी?

**इंडोनेशिया की यात्रा इस दृष्टि से विशेष महत्व रखती है क्योंकि यह देश मलक्का जलडमरूमध्य के निकट स्थित है। विश्व के बड़े हिस्से का समुद्री व्यापार इसी मार्ग से होकर गुजरता है। भारत के लिए ऊर्जा सुरक्षा और समुद्री व्यापार की दृष्टि से इंडोनेशिया अत्यंत महत्वपूर्ण साझेदार है। समुद्री सुरक्षा और ब्लू इकोनॉमी पर बढ़ता सहयोग भारत की सागर नीति को मजबूती देता है। ऑस्ट्रेलिया के साथ संबंध पिछले कुछ वर्षों में अभूतपूर्व रूप से मजबूत हुए हैं।**

**डॉ. अनिल कुमार निगम**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हालिया इंडोनेशिया, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड की यात्राएं केवल औपचारिक राजनयिक कार्यक्रम नहीं बल्कि भारत की बदलती विदेश नीति की दिशा और प्राथमिकताओं का स्पष्ट संकेत भी है। हिंद-प्रशांत क्षेत्र आज वैश्विक राजनीति, अर्थव्यवस्था और सामरिक प्रतिस्पर्धा का केंद्र बन चुका है। ऐसे समय में भारत का इस क्षेत्र के तीन महत्वपूर्ण लोकतांत्रिक देशों के साथ अपने संबंधों को नया आयाम देना स्वाभाविक रूप से अंतरराष्ट्रीय महत्व का विषय है।

इन यात्राओं के दौरान रक्षा सहयोग, समुद्री सुरक्षा, व्यापार, निवेश, महत्वपूर्ण खनिज, शिक्षा, डिजिटल प्रौद्योगिकी तथा आपूर्ति श्रृंखला जैसे अनेक क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर सहमति बनी। इससे यह संदेश गया कि भारत अब केवल दक्षिण एशिया तक सीमित शक्ति नहीं बल्कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में एक जिम्मेदार और प्रभावशाली भागीदार के रूप में अपनी भूमिका को विस्तार देना चाहता है। लेकिन इन यात्राओं के संदर्भ में एक महत्वपूर्ण प्रश्न भी उठता है। क्या केवल दूरवर्ती देशों के साथ संबंध मजबूत करने से भारत की विदेश नीति सफल मानी जाएगी, जबकि उसके पड़ोस में चीन, पाकिस्तान, नेपाल और बांग्लादेश जैसी जटिल चुनौतियां अभी भी मौजूद हैं? यही प्रश्न भारत की वर्तमान विदेश नीति के वास्तविक मूल्यांकन का आधार बनता है।

भारत की विदेश नीति आज रणनीतिक स्वायत्तता (र३१ॅ्रू अ४३ङ्मल्लङ्के८) के सिद्धांत पर आधारित है। शीतयुद्ध के दौर की गुटनिरपेक्षता अब एक नए स्वरूप में विकसित हो चुकी है। भारत, अमेरिका के साथ रक्षा और तकनीकी सहयोग बढ़ाता है, रूस से रक्षा संबंध बनाए रखता है, फ्रांस और जापान के साथ सामरिक साझेदारी करता है तथा वैश्विक दक्षिण के देशों की आवाज भी बनता है। यही संतुलन उसकी सबसे बड़ी कूटनीतिक शक्ति है।


इंडोनेशिया की यात्रा इस दृष्टि से विशेष महत्व रखती है क्योंकि यह देश मलक्का जलडमरूमध्य के निकट स्थित है। विश्व के बड़े हिस्से का समुद्री व्यापार इसी मार्ग से होकर गुजरता है। भारत के लिए ऊर्जा सुरक्षा और समुद्री व्यापार की दृष्टि से इंडोनेशिया अत्यंत महत्वपूर्ण साझेदार है। समुद्री सुरक्षा और ब्लू इकोनॉमी पर बढ़ता सहयोग भारत की सागर नीति को मजबूती देता है।

ऑस्ट्रेलिया के साथ संबंध पिछले कुछ वर्षों में अभूतपूर्व रूप से मजबूत हुए हैं। दोनों देश क्वाड (द४ं) के सदस्य हैं और मुक्त तथा नियम-आधारित हिंद-प्रशांत व्यवस्था के समर्थक हैं। महत्वपूर्ण खनिजों की उपलब्धता, रक्षा सहयोग, साइबर सुरक्षा और स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में ऑस्ट्रेलिया भारत के लिए दीर्घकालिक रणनीतिक साझेदार बनकर उभरा है। यह सहयोग केवल सुरक्षा तक सीमित नहीं है बल्कि भारत की औद्योगिक और तकनीकी आत्मनिर्भरता से भी जुड़ा हुआ है। न्यूजीलैंड की यात्रा प्रतीकात्मक से कहीं अधिक महत्वपूर्ण रही। लंबे समय बाद दोनों देशों के बीच उच्चस्तरीय राजनीतिक संवाद ने शिक्षा, कृषि, डेयरी, पर्यटन और डिजिटल अर्थव्यवस्था में सहयोग की नई संभावनाएं खोली हैं। वहां का भारतीय मूल का समुदाय भी दोनों देशों के संबंधों को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।निःस्संदेह, इन तीनों यात्राओं ने भारत की वैश्विक कूटनीतिक उपस्थिति को मजबूत किया है। अंतरराष्ट्रीय मंच पर यह संदेश गया कि भारत हिंद-प्रशांत क्षेत्र में स्थिरता, नियम-आधारित व्यवस्था और बहुपक्षीय सहयोग का समर्थक है। लेकिन भारत की सबसे बड़ी चुनौती उसका अपना पड़ोस है। पाकिस्तान के साथ सीमा पार आतंकवाद, चीन के साथ वास्तविक नियंत्रण रेखा (छअउ) पर तनाव, नेपाल के साथ समय-समय पर उत्पन्न होने वाले राजनीतिक मतभेद तथा बांग्लादेश के साथ सीमा प्रबंधन, अवैध घुसपैठ और जल बंटवारे जैसे मुद्दे आज भी भारत की विदेश नीति की वास्तविक परीक्षा लेते हैं।किसी भी उभरती वैश्विक शक्ति के लिए आवश्यक है कि वह विश्व के प्रमुख देशों के साथ संबंध मजबूत करे। किंतु यह भी उतना ही सत्य है कि यदि पड़ोस अस्थिर रहेगा तो वैश्विक प्रभाव भी सीमित हो सकता है। विदेश नीति का पहला दायित्व अपने सामरिक परिवेश को सुरक्षित और स्थिर बनाना होता है। यहीं पर भारत की विदेश नीति के सामने सबसे बड़ी चुनौती दिखाई देती है।भारत ने पड़ोसी प्रथम की नीति अवश्य अपनाई है लेकिन इसका प्रभाव सभी पड़ोसी देशों में समान रूप से दिखाई नहीं देता। चीन की बढ़ती आर्थिक और सामरिक सक्रियता दक्षिण एशिया में भारत के लिए प्रतिस्पर्धा की स्थिति उत्पन्न करती है। नेपाल, श्रीलंका और बांग्लादेश जैसे देशों में भी चीन का निवेश लगातार बढ़ा है। इसलिए केवल वैश्विक साझेदारियां पर्याप्त नहीं होंगी बल्कि पड़ोसी देशों के साथ विश्वास और सहयोग को भी उतनी ही प्राथमिकता देनी होगी। हालाँकि यह कहना भी उचित नहीं होगा कि दूरवर्ती देशों के साथ भारत की सक्रियता पड़ोस की उपेक्षा का संकेत है। वास्तव में आधुनिक विदेश नीति बहुआयामी होती है। एक ओर पड़ोसी देशों के साथ संबंधों को मजबूत करना आवश्यक है, वहीं वैश्विक शक्तियों और रणनीतिक साझेदारों के साथ सहयोग भी उतना ही महत्वपूर्ण है। भारत आज इसी संतुलन को साधने का प्रयास कर रहा है। प्रधानमंत्री मोदी की इन यात्राओं का सबसे बड़ा संदेश यह है कि भारत अब केवल प्रतिक्रियात्मक (फ़ीं३५ी) विदेश नीति नहीं अपना रहा बल्कि सक्रिय (ढ१ङ्क३५ी) कूटनीति के माध्यम से अपने हितों को वैश्विक स्तर पर आगे बढ़ा रहा है। रक्षा सहयोग, आर्थिक साझेदारी, डिजिटल प्रौद्योगिकी, समुद्री सुरक्षा और आपूर्ति श्रृंखला जैसे क्षेत्रों में नई पहल भविष्य में भारत की रणनीतिक क्षमता को और मजबूत कर सकती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की इंडोनेशिया, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड यात्राएं भारत की विदेश नीति को नई ऊर्जा देने वाली महत्वपूर्ण पहल हैं। इन्होंने भारत की कूटनीतिक पहुंच, रणनीतिक विश्वसनीयता और वैश्विक साझेदारी को मजबूत किया है। किंतु भारत की विदेश नीति की वास्तविक सफलता तभी मानी जाएगी, जब वह दूर के मित्रों के साथ बढ़ते संबंधों के साथ-साथ अपने पड़ोस को भी शांत, स्थिर और सहयोगपूर्ण बनाने में समान रूप से सफल होगी।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार है।)**

# क्या वाकई प्रेमी जोड़ों के लिए अशुभ है जगन्नाथ मंदिर के दर्शन? जानिए क्या कहती है पौराणिक मान्यता!

ओडिशा में स्थित जगन्नाथ मंदिर अपने चमत्कार के लिए दुनियाभर में प्रसिद्ध है। दूर-दूर से देश-दुनिया के लोग पुरी जगन्नाथ मंदिर का दर्शन करने आते हैं। माना जाता है कि जो भक्त सच्चे मन से इस मंदिर के दर्शन करने आता है उनकी सारी मनोकामनाएं पूर्ण होती है। वैसे आपने भी जगन्नाथ मंदिर संबंधित कई सारे चमत्कार की कहानी जरुर सुनी होगी, जहां पर भगवान ने भक्तों की मनोकामनाएं जरुर पूर्ण होती है। हालांकि शायद ही आप जानते होंगे कि इस मंदिर में शादी से पहले प्रेमी जोड़े दर्शन के लिए नहीं जा सकते हैं। क्या आपने इसके पीछे की मान्यता के बारे में सुना है, क्या है इसकी



पौराणिक कथा? आइए आपको इस लेख में बताते हैं भगवान जगन्नाथ मंदिर में प्रेमी जोड़ो का जाना वर्जित क्यों हैं।

**जगन्नाथ मंदिर में क्यों प्रेमी जोड़ा का जाना मना है?**

दरअसल, पुरी के जगन्नाथ मंदिर में अविवाहित प्रेमी जोड़े या फिर जिन जोड़ों की शादी तय हो चुकी है लेकिन, हुई नहीं है उन लोगों के लिए दर्शन करने के लिए नहीं जाना चाहिए। असल में इसके पीछे एक पुरानी धार्मिक कथा है। लोककथाओं व मान्यताओं के अनुसार, एक बार राधा रानी जगन्नाथ भगवान के दर्शन करने के लिए पुरी पहुंची थी। हालांकि, राधा रानी को मंदिर के पुजारियों ने बाहर ही रोक दिया। पुजारियों ने कहा कि मंदिर में सिर्फ भगवान और उनकी पत्नियां ही प्रवेश कर सकती हैं। जब राधा रानी ने यह बात सुनी तो उन्हें काफी बुरा लगा। फिर राधा रानी ने उन्हें श्राप दिया कि यदि ऐसा है जो भी प्रेमी जोड़ा इस मंदिर में दर्शन करने के लिए आएगा उनके प्रेम में बाधा आ जाएगी। इस श्राप के चलते आज भी भगवान जगन्नाथ मंदिर में प्रेमी जोड़े दर्शन के लिए एक साथ नहीं जाएंगे।

**क्या जगन्नाथ रथ यात्रा में शामिल हो सकते हैं प्रेमी जोड़ा?**

पुरी में कल यानी 16 जुलाई से रथ यात्रा शुरू हो रही है। ऐसे में आपके मन में भी काफी सवाल आ रहे होगे। जी हां! जगन्नाथ रथ यात्रा में प्रेमी जोडे. शामिल हो सकते हैं। बस प्रेमी जोड़े सिर्फ मंदिर में भगवान के दर्शन नहीं कर सकते हैं। लेकिन वह रथ यात्रा में शामिल हो सकते हैं। आज भी वहां के लोग इस परंपरा को मान रहे है।

## टिप्स

### घर पर बनाएं हलवाई स्टाइल इमरती,

आजकल लोग मीठा खाना कम ही पसंद करते हैं। लेकिन सामने जब चाशनी लबालब भरी इमरती खाने के मिल जाए, तो भला किसके मुंह में पानी न आए? वैसे तो जलेबी मैदा से बनती है, दूसरी तरफ इमरती को उड़द की दाल से बनाया जाता है। इसी कारण से इसका स्वाद काफी लाजवाब होता है।

ज्यादातर लोग यही सोचते हैं कि हलवाई जैसी कुरकुरी इमरती घर पर बनाना कापी मुश्किल है और यह सही से बनेंगी नहीं। लेकिन आप कुछ सीक्रेट्स को फॉलो करके घर पर ही आसानी रस भरी इमरती बना सकते हैं। आइए आपको बताते हैं हलवाई स्टाइल इमरती की स्टेप-बाय-स्टेप रेसिपी।

ज्यादातर लोग यही सोचते हैं कि हलवाई जैसी कुरकुरी इमरती घर पर बनाना कापी मुश्किल है और यह सही से बनेंगी नहीं। लेकिन आप कुछ सीक्रेट्स को फॉलो करके घर पर ही आसानी रस भरी इमरती बना सकते हैं। आइए आपको बताते हैं हलवाई स्टाइल इमरती की स्टेप-बाय-स्टेप रेसिपी।

सामग्री

-धुली उड़द दाल: 1 कप (कम से कम 4-5 घंटे या रात भर भीगी हुई)

-चीनी: 2 कप (चाशनी के लिए)

-पानी: 1 कप

-कॉर्नफ्लोर या अरारोट: 2 छोटे चम्मच (इससे इमरती एकदम कुरकुरी बनेगी)

-ऑरेंज फूड कलर: एक चुटकी (हलवाई जैसा रंग देने के लिए)

इमरती बनाने के लिए स्टेप-बाय-स्टेप रेसिपी

- भीगी हुई उड़द दाल का पूरा पानी निकाल लें। इसके बाद इसे मिक्सी में निकालें और सिर्फ 1-2 चम्मच पानी डालकर एकदम बारीक और गाढ़ा पेस्ट पीस लें। इस बात का ध्यान रखें कि बैटर में दाल का कोई भी दाना नहीं बचना चाहिए।
- अब आप पिसी हुई दाल को एक बड़ी परात या बर्तन में निकालें। अब अपने हाथों की मदद से इसको एक ही डायरेक्शन में 8 से 10 मिनट तक अच्छी तरह से फेंटें। जब फेंटते-फेंटते दाल का रंग हल्का हो जाए, तो यह मक्खन की तरह फूली दिखाई देगी। इसी स्टेज पर इसमें फूड कलर और कॉर्नफ्लोर मिला लें।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।

**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**

**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

न्यूज IN ब्रीफ

## गिरफ्तार अभियुक्त को कानूनी प्रक्रिया पूरी कर न्यायालय में किया प्रस्तुत



**साहिबगंज/उधवा :** राधानगर थाना पुलिस ने फरार चल रहे एक प्राथमिकी अभियुक्त को गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को रविवार को न्यायिक प्रक्रिया पूरी करते हुए जेल भेज दिया गया।पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार राधानगर थाना कांड संख्या-193/26 भारतीय न्याय संहिता की धारा 316(2), 318(2) व 3(5) के तहत दर्ज मामले के नामजद अभियुक्त इंग्लिश बाबू टोला निवासी नईफुल शेख को उसके गांव से गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। जहां से न्यायालय के आदेश पर उसे उपकारा राजमहल भेज दिया गया।

## अपहरण के मामले में नामजद आरोपी गिरफ्तार



**साहिबगंज/उधवा :** राधानगर थाना क्षेत्र से नाबालिग लड़की के कथित अपहरण के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पुलिस के अनुसार थाना कांड संख्या 259/26 के तहत भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। मामले में उत्तरी बेगमगंज पंचायत के खुटहरी टोला निवासी अभिनन्दन कुमार मंडल को गिरफ्तार कर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से न्यायालय के आदेश पर उसे उपकारा राजमहल भेज दिया गया। थाना क्षेत्र के मनिहारी टोला निवासी चंदन घोष द्वारा थाना में दिए गए लिखित आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। आवेदन में आरोप लगाया गया है कि आरोपी ने शादी करने की नीयत से एक नाबालिग लड़की का कथित रूप से अपहरण किया है।

## पंजीकरण की प्रक्रिया भी 31 जुलाई तक ऑनलाइन माध्यम से जारी है : डॉ ध्रुब

**साहिबगंज :** इग्नू क्षेत्रीय कार्यालय, देवघर के निदेर्शानुसार इग्नू अध्ययन केंद्र-3605,साहिबगंज महाविद्यालय के समन्वयक डॉ ध्रुब ज्योति कुमार सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि इग्नू में जुलाई 2026 सत्र के लिए निम्नलिखित कार्यक्रमों में नव नामांकन 31 जुलाई 2026 तक हो रहा है विद्यार्थी ऑनलाइन लिंकक्षके माध्यम से नामांकन करा सकते हैं।उन्होंने बताया कि विधार्थी पीजी पाठ्यक्रम मे एम।ए।अंग्रेजी,हिंदी, इतिहास,राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र अर्थशास्त्र लोक प्रशासन एवं ग्रामीण विकास मे तथा यूजी पाठ्यक्रम मे बी।ए।अंग्रेजी,हिंदी, इतिहास,राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र अर्थशास्त्र लोक प्रशासन वं मनोविज्ञान,बी।कॉम सामान्य, बी।एससी सामान्य बी।सी।ए,डिप्लोमा पाठ्यक्रम डिप्लोमा इन रूरल डेवलपमेंट,डी।ई।सी।ई, डी एन एच।ई।आदि मे नामांकन करा सकते है।इसके अतिरिक्त विभिन्न सर्टिफिकेट पाठ्यक्रमों में भी नामांकन लिया जा रहा है।जुलाई 2026 सत्र के लिए पुनः पंजीकरण की प्रक्रिया भी 31 जुलाई 2026 तक ऑनलाइन माध्यम से जारी है।विस्तृत जानकारी के लिए इग्नू अध्ययन केंद्र-3605 साहिबगंज महाविद्यालय, से सम्पर्क कर सकते है।

## एक करोड़ की रंगदारी नहीं दी तो अपहरण कर हत्या की धमकी, एसपी से लगाई सुरक्षा की गुहार



**कोडरमा :** डोमचांच निवासी बैजनाथ प्रसाद स्नेही कॉलेज सचिव हिमांशु कुमार ने जमीन मामले को लेकर पुलिस अधीक्षक कुमार शिवाशीष को आवेदन देकर एक संगठित गिरोह पर एक करोड़ रुपये की रंगदारी मांगने, लगातार जान से मारने की धमकी देने, रेकी कराने तथा परिवार के अपहरण की साजिश रचने का गंभीर आरोप लगाया है। आवेदन में उन्होंने संजय मेहता, विजय कुमार सिंह, राजीव कुमार सिंह, अंगलाल मेहता, मनोज रजक, संदीप सिंह, पिंटू सिंह समेत अन्य लोगों के नाम दर्ज करते हुए निष्पक्ष जांच और कड़ी कार्रवाई की मांग की है। आवेदन के अनुसार, 16 जून एवं 27 जून को फोन पर गाली-गलौज और रंगदारी नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी गई। शिकायतकर्ता का कहना है कि मामले की जानकारी न्यायालय में भी दी गई थी। इसके बाद 7 जुलाई को व्हाट्सएप वॉयस मैसेज के जरिए कथित रूप से फिर रंगदारी की मांग की गई। हिमांशु कुमार ने आरोप लगाया कि 8 जुलाई को डोमचांच बाजार में आरोपितों ने अपने साथियों के साथ घेरकर एक महीने के भीतर एक करोड़ रुपये देने की धमकी दी और रकम नहीं देने पर उनके तथा उनके बच्चों का अपहरण कर हत्या करने की बात कही। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कुछ लोगों ने झूठे मुकदमे में फंसाने और पूरे परिवार को बर्बाद करने की धमकी दी। शिकायत में यह भी उल्लेख है कि 14 जुलाई को उनके भाई प्रेमांशु कुमार का कथित रूप से पीछा कर अपहरण और हत्या का प्रयास किया गया, जिसकी सूचना डोमचांच थाना को दी गई है। शिकायतकर्ता ने दावा किया कि घटना से जुड़े कुछ दृश्य सीसीटीवी में कैद हैं शिकायतकर्ता ने परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए मामले की उच्चस्तरीय जांच और दोषियों पर कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। वहीं आरोपितों ने लगाए आरोपों को बेबुनियाद बताते हुए प्रशासन से निष्पक्ष जांच की मांग की है।

# जिन बंदियों के पास अधिवक्ता उपलब्ध नहीं हैं उन्हें निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है : अखिल

### बंदियों को निःशुल्क विधिक सहायता स्वास्थ्य जांच एवं पुनर्वास योजनाओं की दी गई जानकारी




संवाददाता

**साहिबगंज :** झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के निदेर्शानुसार प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, साहिबगंज अखिल कुमार के मार्गदर्शन में रविवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार साहिबगंज द्वारा साहिबगंज मंडल कारा में मासिक जेल अदालत स्वास्थ्य शिविर सह विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार, साहिबगंज के सचिव विश्वनाथ भगत ने उपस्थित बंदियों को उनके विधिक अधिकारों उपलब्ध निःशुल्क विधिक सहायता सेवाओं के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने विशेष रूप से नालसा की एसपीआरयुएचए योजना 2025 के अंतर्गत प्रदान की जा रही निःशुल्क विधिक सहायता, कानूनी परामर्श और आवश्यक मार्गदर्शन की जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि जिन बंदियों के पास अधिवक्ता उपलब्ध नहीं हैं।उन्हें निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है।उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत बंदियों के पुनर्वास, कौशल विकास तथा रिहाई उपरांत उन्हें रोजगारोन्मुख अवसरों से जोड़ने की दिशा में विशेष पहल की जा रही है। साथ ही बंदियों के परिजनों को विभिन्न सरकारी कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने की प्रक्रिया के संबंध में भी जानकारी दी गई।कार्यक्रम के दौरान बंदियों को समाज की मुख्यधारा से पुनः जुड़ने, सकारात्मक जीवनशैली अपनाने व भविष्य में अपराध से दूर रहने के लिए प्रेरित किया गया। सचिव ने कहा कि इस योजना का उद्देश्य केवल विधिक सहायता प्रदान करना नहीं बल्कि बंदियों के सामाजिक पुनर्वास व सम्मानजनक जीवन की पुनर्स्थापना सुनिश्चित करना भी है।शिविर के अंतर्गत एक विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन भी किया गया। जिसमें चिकित्सकों द्वारा बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक चिकित्सीय परामर्श एवं उपचार उपलब्ध कराया गया।मौके पर चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल अरविन्द गोयल एवं उनकी टीम द्वारा ऐसे बंदियों की पहचान की गई, जिनके मामलों में अब तक अधिवक्ता नियुक्त नहीं किए गए हैं और शीघ्र विधिक सहायता उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक कार्रवाई की गई। इसके अतिरिक्त, बंदियों को उनके वादों की अद्यतन स्थिति से अवगत कराया गया, जिससे वे अपने मामलों की प्रगति से अवगत हुए।

# परीक्षा के दौरान उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का किए औचक निरीक्षण

### जेएसडब्लुसीइ 2024 परीक्षा के सफल आयोजन के लिए जिला में 11 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे



संवाददाता

**साहिबगंज :** झारखंड क्षेत्रीय कार्यकर्ता प्रतियोगिता परीक्षा 2024 का आयोजन साहिबगंज जिला मुख्यालय स्थित 11 परीक्षा केंद्रों पर रविवार को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष, पारदर्शी और सुव्यवस्थित वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। परीक्षा का संचालन निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार तीन पालियों में किया गया।जिले में परीक्षा के लिए संध्या कॉलेज, संत जोसेफ अकेडमी, मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय पोखरिया, संत जेवियर विद्यालय हिंदी माध्यम अपग्रेड नगर पालिका गर्ल्स हाई स्कूल, संत जेवियर विद्यालय अंग्रेजी माध्यम पूर्व रेलवे हाई स्कूल, राजकीय कन्या मध्य विद्यालय, राजस्थान इंटर स्कूल, पब्लिक हाई स्कूल तथा साहिबगंज कॉलेज को परीक्षा केंद्र बनाया गया । परिक्षा के सफल एवं कदाचारमुक्त संचालन हेतु जिला प्रशासन द्वारा व्यापक प्रशासनिक एवं सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गई। इसके अंतर्गत 25 परीक्षा पर्यवेक्षक ऑब्जर्वर 14 स्टैटिक दंडाधिकारी, 11 गश्ती दंडाधिकारी पेट्रोलिंग मजिस्ट्रेट, 4 उड़नदस्ता दल तथा 2 स्ट्रांग रूम दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई थी। सभी परीक्षा केंद्रों पर सतत निगरानी, विधि-व्यवस्था बनाए रखने व किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त पुलिस बल एवं प्रशासनिक अधिकारियों की तैनाती की गई।

परीक्षा के दौरान उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी दीपक कुमार दूबे ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने परीक्षा संचालन में प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए आयोग के नियमों का पूर्ण अनुपालन करते हुए संचालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। झारखंड क्षेत्रीय कार्यकर्ता प्रतियोगिता परीक्षा 2024 के सफल, शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित आयोजन में सहयोग प्रदान करने वाले सभी प्रशासनिक पदाधिकारियों,पुलिस पदाधिकारियों केंद्राधीक्षकों, शिक्षकों, कर्मचारियों तथा आम नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सभी के समन्वित प्रयास एवं सहयोग से परीक्षा का आयोजन पूर्णतः शांतिपूर्ण एवं सफलता के साथ संपन्न हुआ।

## पत्नी व सास को धारदार हथियार से हमला कर किया घायल

संवाददाता

**साहिबगंज:** नगर थाना क्षेत्र के रसूलपुर दहला में रविवार की देर शाम एक व्यक्ति ने मामूली बात पर अपनी पत्नी व सास को धारदार हथियार से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया है।आसपास के लोगों ने आनन फानन में दोनों घायल को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया है।जहां प्राथमिक इलाज के बाद डॉक्टर डॉ।आसिफ ने रुखसाना खातून 30 को बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया है।जबकि सास मजिदा खातून सदर अस्पताल में भर्ती है।घायल रुखसाना का भाई ने अपने जीजा मो। शरीफ पर धारदार हथियार से हमला कर घायल करने का आरोप लगाते हुए बताया कि किसी बात को लेकर शाम में जीजा व बहन के साथ कहा सुनी हुआ।मामूली झगड़ा समझ कर वे बाहर चला गया।इसके कुछ देर बाद अचानक पता चला कि उसकी बहन व मां को धारदार हथियार मार दिया।इसमें बहन रुखसाना के गला में गहरा जख्म है।जबकि मां को पेट में छुरा लगा है।वही डॉक्टर ने बताया कि रुखसाना की स्थिति गंभीर रहने पर उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है।इधर घटना की सूचना मिलने पर पुलिस अस्पताल पहुंच मामले की जांच में जुटी है।



# नशा मुक्ति युवा विकसित भारत अभियान का शुभारंभ कल तक करें रजिस्ट्रेशन



संवाददाता

**साहिबगंज :** माय भारत केंद्र साहिबगंज युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय भारत सरकार के तहत 'नशा मुक्ति युवा विकसित भारत' अभियान का अगला चरण शुरू किया जा रहा है।इसका उद्देश्य युवाओं को रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से नशा मुक्त भारत के निर्माण में सहभागी बनाना और विकसित भारत 2047 के विजन से जोड़ना है।मेरा युवा भारत साहिबगंज के जिला युवा अधिकारी सौरव पांडे ने बताया कि यह प्रतियोगिताएं जिला,राज्य और राष्ट्रीय,तीन स्तरों पर आयोजित की जाएगी।इच्छुक युवा 21 जुलाई 2026 तक माय भारत पोर्टल पर अपना रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं।जिला स्तरीय पर 8 विधाओं -लोकगीत,फोक सॉन्ग,नृत्य,नुक्कड़ नाटक,माइम एक्ट,पेंटिंग,वाद विवाद शॉर्ट फिल्म रील मेकिंग।स्लोगन लेखन और स्लैम कविता लेखन में प्रतियोगिताएं आयोजित होगी।जिला स्तर के विजेता 28 जुलाई से 5 अगस्त 2026 तक,राज स्तरीय चयन में भाग लेंगे।जबकि राज स्तरीय के विजेताओं को 14 अगस्त 2026 को राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिताओं में अपना प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा।इस अभियान में 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवा व्यक्तिगत या समूह के रूप में भाग ले सकते हैं।प्रतिभागी अपनी प्रस्तुति हिंदी, अंग्रेजी या क्षेत्र भाषा में दे सकते हैं।प्रत्येक प्रतिभागी केवल एक विधा में हिस्सा ले सकेगा।जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए माय भारत पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है तथा प्रतिभागियों को अपनी रचनात्मक प्रस्तुति पोर्टल पर अपलोड करनी होगी।अभियान का उद्देश्य युवाओं को संस्कृति संगीत,व कहानी और डिजिटल रचनात्मक के माध्यम से समाज में नशा मुक्ति भारत का संदेश फैलाने के लिए प्रेरित करना है।

## चार वर्ष बीत जाने के बावजूद किसी भी सरकारी योजना का लाभ नहीं मिल सका : दिव्यांग सोनू

संवाददाता

**साहिबगंज :** जिले के तालझारी प्रखंड अंतर्गत वृंदावन पंचायत क्षेत्र के केंदुआ गांव के निवासी दिव्यांग सोनू सोरेन की मदद के लिए दिव्यांग फाउंडेशन आगे आया।चार वर्ष पूर्व आग लगने से उनका आशियाना पूरी तरह जलकर राख हो गया था।घटना के बाद उन्हें सरकारी सहायता का आश्वासन तो मिला,लेकिन चार वर्ष बीत जाने के बावजूद किसी भी सरकारी योजना का लाभ नहीं मिल सका।आगे दिव्यांग सोनू के दा दा विलियम सोरेन ने बताया कि घर जलने के बाद से वह जले हुए मकान के समीप तिरपाल और छोटी-सी झोपड़ी में रहने को मजबूर हैं।दिव्यांग होने के साथ-साथ आर्थिक तंगी ने उनकी परेशानियों को और बढ़ा दिया है,जिससे उनका जीवन बेहद कठिन परिस्थितियों में गुजर रहा है।पीड़ित की स्थिति की जानकारी मिलने पर दिव्यांग फाउंडेशन के सर्वे कर्मी विष्णु कर्मकार की पहल पर जिला कोऑर्डिनेटर थॉमस किस्कू के नेतृत्व में 10 सदस्यीय टीम उनके घर पहुंची टीम ने सोनू सोरेन को चावल दाल चूड़ा साबुन चटाई सहित अन्य आवश्यक राहत सामग्री उपलब्ध कराई।साथ ही उनके आवागमन को सुगम बनाने के लिए एक व्हीलचेयर भी भेंट की।इस अवसर पर दिव्यांग फाउंडेशन के सर्वे कर्मी विष्णु कर्मकार ने कहा कि दिव्यांग फाउंडेशन का उद्देश्य ही जरूरतमंद एवं ग्रामीण इलाकों के असहाय दिव्यांगजनों तक हरसंभव सहा यता पहुंचाना है।वहीं जिला को ऑर्डिनेटर थॉमस किस्कू ने कहा कि फाउंडेशन आगे भी ऐसे जरूरतमंद परिवारों की पहचान कर उन्हें हरसंभव सहयोग उपलब्ध कराता रहेगा तथा सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने का भी प्रयास करेगा।इस दौरान जिला कोऑर्डिनेटर थॉमस किस्कू,बोरियो प्रखंड कर्मी हिलारीयूस हकीम किस्कू,सामुएल टुडू,बिनय मुर्मू,मंडरो प्रखंड के मनोज मरांडी,तालझारी प्रखंड के विष्णु कर्मकार,राज महल प्रखंड के सुकुमार साहा,दीपक कुमार साहा सहायक साथी मोतीलाल सोरेन सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# श्रावणी मेला 2026: 26 जोड़ी से ज्यादा स्पेशल ट्रेनों के साथ रेलवे पूरी तरह तैयार

### स्टेशनों पर सुरक्षा और सुविधाएं होंगी दोगुनी

**देवघर :** विश्व प्रसिद्ध राजकीय श्रावणी मेला के दौरान देवघर पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए रेलवे प्रशासन और जिला प्रशासन ने व्यापक तैयारियां पूरी कर ली हैं। हर वर्ष की तरह इस बार भी देशभर से लाखों श्रद्धालु बाबा बैद्यनाथ के दर्शन के लिए देवघर पहुंचेंगे, जिनमें सबसे अधिक संख्या रेल मार्ग से आने वाले यात्रियों की होती है।

**26 जोड़ी स्पेशल ट्रेनें चलाने की तैयारी :** श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए आसनसोल रेल मंडल ने इस वर्ष 26 जोड़ी स्पेशल ट्रेनों के परिचालन की व्यवस्था की है। ये ट्रेनें देश के विभिन्न हिस्सों से श्रद्धालुओं को देवघर और जसीडीह तक पहुंचाएंगी। देवघर, जसीडीह और बैद्यनाथ धाम रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों की सुविधा बढ़ाने के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। रेलवे प्रशासन ने बताया कि स्टेशनों पर साफ-सफाई व्यवस्था को मजबूत करने के लिए सफाईकर्मियों की संख्या लगभग तीन गुना बढ़ाई गई है।

**250 से 300 आरपीएफ जवान तैनात :** वहीं, सुरक्षा के मद्देनजर 250 से 300 आरपीएफ जवानों की तैनाती की जाएगी। देवघर, जसीडीह, बैद्यनाथ धाम के अलावा बासुकीनाथ धाम स्टेशन पर भी अतिरिक्त आरपीएफ बल की तैनाती की जाएगी ताकि भीड़ प्रबंधन और सुरक्षा व्यवस्था सुचारु बनी रहे।

**भीड़ अधिक होने पर अस्थायी टेंट लगाए जाएंगे :** रेलवे प्रशासन के अनुसार, यदि किसी समय स्टेशनों पर श्रद्धालुओं की संख्या अधिक हो जाती है, तो उनके ठहरने और विश्राम के लिए अस्थायी टेंट लगाए जाएंगे। यात्रियों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सभी प्रमुख स्टेशनों पर विशेष व्यवस्था की जाएगी।

श्रावणी मेला के दौरान देवघर में प्रतिदिन लाखों श्रद्धालु पहुंचते हैं। ऐसे में रेलवे की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण मानी जाती है। अब सभी की नजर इस बात पर रहेगी कि रेलवे प्रशासन की ये तैयारियां श्रद्धालुओं को कितनी राहत और बेहतर यात्रा अनुभव दिला पाती हैं।



# स्पेन ने अर्जेंटीना को अतिरिक्त समय में हराकर दूसरी बार जीता फीफा विश्व कप का खिताब

**एजेंसी**

ईस्ट रदरफोर्ड (न्यू जर्सी), 20 जुलाई (हि.स.)। यूरोपीय चैंपियन स्पेन ने रोमांचक फाइनल में गत चैंपियन अर्जेंटीना को सोमवार तड़के (भारतीय समयानुसार) अतिरिक्त समय में 1-0 से हराकर दूसरी बार फीफा विश्व कप का खिताब अपने नाम कर लिया। अतिरिक्त समय के 106वें मिनट में फेरान टोरेस ने विजयी गोल दागकर स्पेन को 2010 के बाद पहला और कुल दूसरा विश्व कप दिलाया। बार्सिलोना के स्टार फारवर्ड फेरान टोरेस 62वें मिनट में मिकेल ओयारजाबाल की जगह मैदान पर उतरे थे। अतिरिक्त समय में निको विलियम्स ने पेड्रो पोरो के क्रॉस पर शानदार हेडर लगाया, जिसे अर्जेंटीना पूरी तरह क्लियर नहीं कर सका। गेंद फेरान टोरेस के पास पहुंची और उन्होंने नजदीक से गोल कर स्पेन को बढ़त दिला दी। इससे पहले मुकाबले का रुख 90वें मिनट में बदल गया, जब अर्जेंटीना के मिडफील्डर एंजो फर्नांडीज ने स्पेन के युवा डिफेंडर पाउ कुबार्सी पर खतरनाक फाउल कर दिया। रेफरी स्लावको विन्चिच ने



उन्हें दूसरा पीला कार्ड दिखाते हुए लाल कार्ड थमा दिया, जिसके बाद अर्जेंटीना को शेष मुकाबला 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा। पूरे मैच में स्पेन का दबदबा देखने को मिला। स्पेन ने लगातार आक्रमण किए और कई गोल करने के अवसर बनाए, हालांकि उसे सफलता अतिरिक्त समय तक नहीं मिली। दूसरी ओर, अर्जेंटीना स्पेन की मजबूत रक्षापंक्ति के सामने संघर्ष करता नजर आया।

**प्रभाव छोड़ने में नाकाम रहे मेसी**

लियोनेल मेसी भी इस मुकाबले में प्रभाव छोड़ने में नाकाम रहे। अर्जेंटीना का पहला शॉट 117वें मिनट में आया, जब मेसी का प्रयास स्पेन के खिलाड़ियों ने ब्लॉक कर दिया। लगातार दूसरे विश्व कप खिताब की उम्मीद लगाए बैठी अर्जेंटीना की टीम 1962 के बाद पहली बार खिताब बचाने वाली टीम बनने का सपना भी पूरा नहीं कर सकी। मैच के अंतिम मिनटों में अर्जेंटीना ने बराबरी के लिए जोरदार प्रयास किए, लेकिन स्पेन के खिलाड़ियों ने शानदार रक्षण करते हुए बढ़त बरकरार रखी और इतिहास रच दिया। यह 48 टीमों वाले अब तक के सबसे बड़े फीफा विश्व कप का 104वां और अंतिम मुकाबला था, जिसकी मेजबानी संयुक्त रूप से अमेरिका, कनाडा और मेक्सिको ने की। टूनार्मेंट में कुल 307 गोल हुए, जो विश्व कप इतिहास में सर्वाधिक रहे। फाइनल मुकाबले को देखने के लिए खेल और मनोरंजन जगत की कई बड़ी हस्तियां भी स्टेडियम पहुंचीं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी मैच के दौरान मौजूद रहे और पुरस्कार वितरण समारोह में शामिल हुए। समापन समारोह में प्रसिद्ध गायक पोस्ट मेलोन ने प्रस्तुति दी, जबकि हाफ टाइम शो में जस्टिन बीबर, मैडोना, शकीरा, बीटीएस, बर्ना बॉय सहित कई वैश्विक कलाकारों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

## तीसरे वनडे में इंग्लैंड ने भारत को 27 रन से हराया, सीरीज 2-1 से जीती



**एजेंसी**

**लंदन :** बेन डकेट की शानदार 141 रन की पारी और सैम करन की अगुवाई में गेंदबाजों के निर्णायक प्रदर्शन की बदौलत इंग्लैंड ने लॉर्ड्स में खेले गए तीसरे और अंतिम वनडे में भारत को 27 रन से हराकर तीन मैचों की सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली। 388 रन के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम 50 ओवर में 360 रन ही बना सकी। रोहित शर्मा के करियर के बेहतरीन शतकों में शामिल 138 रन भी टीम को जीत नहीं दिला सके। इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में तीन विकेट पर 387 रन बनाए, जो भारत के खिलाफ उसका अब तक का सबसे बड़ा वनडे स्कोर है। सलामी बल्लेबाज बेन डकेट ने 135 गेंदों पर 141 रन की शानदार पारी खेली, जबकि जैकब बेथेल ने 91 रन बनाए। दोनों ने पहले विकेट के लिए 192 रन की साझेदारी कर भारत पर दबाव बनाया। अंतिम ओवरों में जो रूट (नाबाद 74) और कप्तान जोस बटलर (नाबाद 41) ने सिर्फ 19 गेंदों में 63 रन जोड़कर टीम को विशाल स्कोर तक पहुंचाया। भारत की ओर से प्रसिद्ध कृष्णा ने दो विकेट लिए, जबकि प्रिंस यादव को एक सफलता मिली। 388 रन के कठिन लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम को कप्तान शुभमन गिल और रोहित शर्मा ने मजबूत शुरूआत दिलाई। दोनों ने पहले विकेट के लिए 147 रन जोड़े। गिल ने 77 रन की उपयोगी पारी खेली। इसके बाद रोहित शर्मा ने विराट कोहली के साथ दूसरे विकेट के लिए 113 रन जोड़कर भारत की उम्मीदें बरकरार रखीं। रोहित शर्मा ने 111 गेंदों पर 138 रन बनाए, जिसमें 17 चौके और पांच छक्के शामिल रहे। यह लॉर्ड्स के मैदान पर किसी भारतीय बल्लेबाज का पहला वनडे शतक भी रहा। विराट कोहली ने भी 60 गेंदों पर 74 रन की आक्रामक पारी खेली और रोहित के साथ मिलकर मैच को रोमांचक बना दिया। हालांकि दोनों अनुभवी बल्लेबाजों के आउट होने के बाद भारतीय मध्यक्रम इंग्लैंड के गेंदबाजों के सामने टिक नहीं सका। अंतिम ओवरों में लगातार विकेट गिरने से रन गति प्रभावित हुई और टीम निर्धारित 50 ओवर में 360 रन ही बना सकी। इंग्लैंड की ओर से सैम करन ने सबसे प्रभावी गेंदबाजी करते हुए चार विकेट झटके और भारत की जीत की उम्मीदों पर विराम लगा दिया। इस जीत के साथ इंग्लैंड ने तीन मैचों की वनडे श्रृंखला 2-1 से अपने नाम कर ली। वहीं भारत रिकॉर्ड 388 रन के लक्ष्य का सफल पीछा करने से चूक गया और रोहित शर्मा का यादगार शतक टीम की हार के कारण फीका पड़ गया।



पत्नी उर्मिला से तलाक का किया एलान

## 'रामायण' के 'भरत' की टूटी 15 साल पुरानी शादी



**रणबीर** कपूर की फिल्म 'रामायण' में भरत का रोल निभा रहे एक्टर आदिनाथ कोठारे और उर्मिला कानेटकर का रिश्ता खत्म हो गया है. दोनों ने शादी के 15 साल बाद तलाक का एलान कर दिया है.
बॉलीवुड के सुपरस्टार रणबीर कपूर की आने वाई फिल्म 'रामायण' इन दिनों हर तरफ छाई हुई है. फैंस इस बात से बेहद उत्साहित हैं कि फिल्म का पहला ट्रेलर इसी महीने आने वाला है. लेकिन इस बड़ी खुशी के बीच, फिल्म में भगवान राम के छोटे भाई 'भरत' का बेहद अहम किरदार निभाने जा रहे एक्टर आदिनाथ कोठारे के घर से एक बेहद चौंकाने वाली खबर सामने आई है. पर्दे पर भाइयों के प्यार की मिसाल बनने जा रहे आदिनाथ की अपनी असल जिंदगी की गृहस्थी पूरी तरह बिखर चुकी है. आदिनाथ कोठारे ने अपनी पत्नी और मशहूर एक्ट्रेस उर्मिला कानेटकर के साथ शादी के पूरे 15 साल बाद आधिकारिक तौर पर तलाक का एलान कर दिया है.

दोनों पिछले कुछ सालों से एक-दूसरे से अलग रह रहे थे, जिसके बाद सोशल मीडिया पर उनके रिश्ते को लेकर तरह-तरह के कयास लगाए जा रहे थे. हालांकि, अब खुद आदिनाथ कोठारे ने उर्मिला के साथ जॉइंट स्टेटमेंट शेयर करते हुए इन तमाम अफवाहों पर विराम लगाते हुए यह दर्दनाक सच सबके सामने रख दिया है कि उन्होंने आपसी सहमति से इस शादीशुदा रिश्ते को हमेशा-हमेशा के लिए खत्म करने का फैसला कर लिया है.

### बेटी की मिलकर करेंगे परवरिश

तलाक के इस बड़े और मुश्किल फैसले के बाद भी, आदिनाथ और उर्मिला ने एक समझदार माता-पिता की तरह अपनी जिम्मेदारी निभाने की बात कही है. आदिनाथ ने साफ किया है कि भले ही वो एक पति-पत्नी के रूप में अलग हो रहे हैं, लेकिन वो अपनी प्यारी बेटी जिजा कोठारे के माता-पिता हमेशा बने रहेंगे. दोनों मिलकर अपनी बेटी की परवरिश करेंगे.

भूल भुलैया 4 की चर्चा से

## फैंस में बढ़ी रूह बाबा की वापसी की उत्सुकता



मुंबई कार्तिक आर्यन का रूह बाबा का किरदार पिछले कुछ वर्षों में बॉलीवुड के सबसे लोकप्रिय किरदारों में से एक बन चुका है। ऐसे में भूल भुलैया 4 को लेकर सामने आ रही खबरों ने फैंस की उत्सुकता और भी बढ़ा दी है। हालांकि फिल्म की आधिकारिक घोषणा अभी बाकी है, लेकिन रूह बाबा के रूप में कार्तिक की संभावित वापसी की चर्चा पहले ही सोशल मीडिया और फिल्म प्रेमियों के बीच बड़ा विषय बन चुकी है। दिलचस्प बात यह है कि 'भूल भुलैया 4' की चर्चाओं के बीच कार्तिक आर्यन ने चुपचाप अपनी पीढ़ी के अन्य सितारों के मुकाबले सबसे मजबूत और विविधतापूर्ण फिल्मों की लाइन-अप तैयार कर ली है। फिलहाल आइए जानते हैं उनकी आने वाली फिल्मों के बारे में।

### अनुराग बसु की अनटाइटल्ड म्यूजिकल लव स्टोरी:

कार्तिक आर्यन पहली बार मशहूर निर्देशक अनुराग बसु के साथ एक अनटाइटल्ड म्यूजिकल रोमांटिक ड्रामा में नजर आनेवाले हैं। यह फिल्म एक भावनात्मक प्रेम कहानी पर आधारित है, जिसमें कार्तिक का एक नया और इंटेंस रोमांटिक अंदाज देखने को मिलेगा। यह उनकी सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक मानी जा रही है।

### नागजिला' (फैंटेसी कॉमेडी) - निर्देशक मृगदीप सिंह लांबा:

'नागजिला' एक फैंटेसी कॉमेडी फिल्म है, जिसमें कार्तिक आर्यन बिल्कुल अलग और मजेदार अवतार में दिखाई देंगे। फिल्म की घोषणा के बाद से ही इसे लेकर दर्शकों के बीच जबरदस्त उत्साह बना हुआ है।

## 'रागिनी 3' में मुख्य भूमिका निभाएंगी तमन्ना भाटिया

**अभिनेत्री** तमन्ना भाटिया एकता कपूर की लोकप्रिय हॉरर-थ्रिलर फ्रेंचाइजी की तीसरी फिल्म 'रागिनी 3' में नजर आएंगी। गुरुवार को मेकर्स ने लंदन शेड्यूल की कुछ तस्वीरें पोस्ट कीं। बालाजी मोशन पिक्चर्स ने इंस्टाग्राम पर शूटिंग की कुछ दिलचस्प तस्वीरें पोस्ट कीं, जिसमें अभिनेत्री तमन्ना भाटिया के हाथ में एक क्लैपबोर्ड है, जिस पर 'रागिनी 3' लिखा हुआ है। पोस्ट शेयर कर मेकर्स ने लिखा, 'हर डेट नाइट की शुरुआत एक मुस्कान से होती है। मिलिए रागिनी से।' अभिनेत्री तमन्ना भाटिया ने फिल्म 'रागिनी-3' की शूटिंग लंदन से शुरू कर दी है। फिल्म में तमन्ना भाटिया के साथ जुनैद खान मुख्य भूमिकाओं में हैं। इस बार मेकर्स ने फिल्म को हॉरर जॉनर से बदलकर एक फ्रेश सुपरनैचुरल थ्रिलर बनाने का फैसला किया है। बालाजी मोशन पिक्चर्स की फिल्म 'रागिनी 3' एक रोमांचक नए अध्याय में ले जाएगी। हालांकि, फिल्म की पूरी स्टारकास्ट और कहानी की जानकारी अभी सामने नहीं आई है। उम्मीद है कि आने वाले दिनों में मेकर्स की तरफ से कुछ घोषणा देखने को मिलेगी। फिल्म 'रागिनी एमएमएस' फ्रेंचाइजी की शुरुआत 2011 से हुई थी, जो अलौकिक घटनाओं पर आधारित थी। यह फ्रेंचाइजी अपनी सस्पेंस, हॉरर और बोल्डनेस के मिश्रण के लिए जानी जाती है। पवन कृपलानी द्वारा निर्देशित हॉरर-थ्रिलर फिल्म का निर्माण बालाजी टेलीफिल्म्स (एकता कपूर और शोभा कपूर) द्वारा किया गया था। फिल्म में राजकुमार राव और कैनाज मोतीवाला मुख्य भूमिकाओं में थे। यह आंशिक रूप से दिल्ली की एक वास्तविक घटना और 'पैरानॉर्मल एक्टिविटी' से प्रेरित थी। 2014 में 'रागिनी एमएमएस 2' रिलीज हुई थी। यह फिल्म 'रागिनी एमएमएस' की अगली कड़ी थी और इसमें सनी लियोन मुख्य भूमिका में थीं। इसके अलावा, एएलटी बालाजी पर 2017 में 'रागिनी एमएमएसः रिटर्न्स' नामक हॉरर वेब सीरीज रिलीज की गई थी और 2019 में दूसरा सीजन रिलीज किया गया था, जिसमें हॉरर और थ्रिलर का तड़का लगाया गया था।




## मौनी संग डेटिंग की अफवाहों पर फूटा अर्जुन का गुस्सा

**अर्जुन** बिजलानी और मौनी रॉय को लेकर सोशल मीडिया पर ऐसी अफवाहें फैल रही है कि दोनों एक दूसरे को डेट कर रहे हैं. अब एक्टर की टीम ने इन रूमर्स पर फुलस्टॉप लगाया. टीवी एक्टर अर्जुन बिजलानी ने सोशल मीडिया पर वायरल हो रही उन अफवाहों पर रिएक्ट किया. जिनमें उनका नाम मौनी रॉय के साथ जोड़ा जा रहा है. दरअसल एक पपराजी इंस्टाग्राम पेज ने एक वीडियो शेयर करते हुए दावा किया कि सूरज नांबियार संग कथित तलाक के बाद मौनी, अर्जुन को डेट कर रही हैं. रूमर्स पर फुलस्टॉप लगाते हुए अर्जुन बिजलानी की टीम ने एक ऑफिशियल बयान जारी किया और इन सभी दावों को पूरी तरह बेबुनियाद बताया.

बयान में कहा गया, 'प्रिय क्लिकबेट पेज, 15 साल से ज्यादा पुरानी दोस्ती को सिर्फ एक सनसनीखेज हेडलाइन के लिए अफेयर का नाम देना सही नहीं है. कई बार लोग मुश्किल दौर से गुजर रहे अपने दोस्तों का साथ देने के लिए उनके साथ खड़े होते हैं. हर दोस्ती को रोमांटिक एंगल देना जरूरी नहीं होता.



## किरदार से अलग होती है पहचान: ईशा सिंह

### रियलिटी शो में दिखता है कलाकार का असली चेहरा

टीवी अभिनेत्री ईशा सिंह 'बिग बॉस 18' में नजर आने के बाद काफी सुर्खियों में रही हैं। अब उन्होंने रियलिटी शो और एक्टिंग की दुनिया के बीच के फर्क को लेकर अपनी राय साझा की है। उनका मानना है कि रियलिटी शो कलाकार के असली स्वभाव को समझने का मौका देते हैं। जब कोई कलाकार रियलिटी शो में आता है तो दर्शक उसे उसके निभाए किरदारों से अलग एक इंसान के रूप में जान पाते हैं। ईशा सिंह से जब पूछा गया कि क्या रियलिटी शो किसी अभिनेता या अभिनेत्री को ज्यादा लोकप्रिय बनाने में मदद करते हैं, इस पर उन्होंने कहा, ''मुझे नहीं पता कि इससे किसी कलाकार की लोकप्रियता कितनी बढ़ती है, लेकिन दर्शकों को अपने पसंदीदा सितारों की निजी जिंदगी के बारे में जानने में हमेशा दिलचस्पी रहती है। लोग बिहाइंड द सीन्स जैसी चीजें इसलिए देखना पसंद करते हैं, क्योंकि वे कलाकार को और करीब से जानना चाहते हैं। जब कोई कलाकार किसी रियलिटी शो में आता है तो दर्शकों को उसके असली स्वभाव, व्यवहार और पसंद-नापसंद को समझने का मौका मिलता है।'' अभिनेत्री ने उदाहरण देते हुए कहा, ''दर्शक मेरे निभाए किरदारों जैसे जुही और सैयम को जानते हैं, लेकिन असल जिंदगी में ईशा कैसी हैं, उनका व्यवहार कैसा है और वह किस तरह की इंसान हैं, यह जानने का मौका रियलिटी शो से ही मिलता है। रियलिटी शो में कोई किरदार नहीं होता और न ही कोई अभिनय का पर्दा होता है, बल्कि वहां कलाकार खुद के रूप में सामने आता है।

# राजौरी-पुंछ में बरसात का कहर, बाढ़ भूस्खलन, कम से कम 12 व्यक्ति लापता

## अमरनाथ और वैष्णो देवी यात्रा दूसरे दिन भी रोकी गई

एजेंसी



**जम्मू :** जम्मू संभाग के पुंछ और राजौरी में रविवार को अचानक आई बाढ़ और भूस्खलन से आठ लोगों की मौत हुई है और लगभग 12 व्यक्ति लापता हैं। लगातार दूसरे दिन इनकी तलाश की जा रही है। भारी बरिश और खराब मौसम को देखते हुए आज दूसरे दिन भी श्री अमरनाथ यात्रा व मां वैष्णोदेवी यात्रा को रोक दिया गया है। बाढ़ से घरों, सार्वजनिक बुनियादी ढांचे, मवेशियों और कृषि भूमि को भारी नुकसान पहुंचा है। पुंछ जिला सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ है। पड़ोसी जिले राजौरी में भी काफी नुकसान हुआ है। अधिकारियों ने बताया है कि बाढ़ से जम्मू संभाग में 145 रिहायशी मकानों को नुकसान पहुंचा है। इनमें से 93 मकान पुंछ में, 42 राजौरी में, आठ रियासी में और एक-एक मकान किश्तवाड़ और रामबन में क्षतिग्रस्त हुए हैं। पुंछ में 17 स्कूलों, 24 पारंपरिक पनचक्कियों और तीन दुकानों को भी नुकसान पहुंचा है, जबकि कई इलाकों में बीएसएनएल और एयरटेल की मोबाइल सेवाएं बाधित रहीं। राजौरी में भी भारी तबाही हुई जहां बेला बस स्टैंड और चिल्ड्रन्स पार्क का लगभग 90 प्रतिशत हिस्सा बह गया। एक स्कूल और 56 वाहनों को भी नुकसान पहुंचा है साथ ही लगभग 300 घरों में पीने के पानी की आपूर्ति बाधित हुई है। वहीं, किश्तवाड़ की छत्रू तहसील में बटवान नाले में अचानक आई बाढ़ से एक जामा मस्जिद, एक मदरसा भवन और एक दुकान को आंशिक रूप से नुकसान पहुंचा है। कुल 127 कनाल कृषि भूमि प्रभावित हुई है जिसमें पुंछ में 92 कनाल और राजौरी में 35 कनाल भूमि शामिल है। एसडीआरएफ, पुलिस, नागरिक प्रशासन और अन्य एजेंसियों की बचाव टीमें लापता लोगों की तलाश कर रही हैं और साथ ही नुकसान का आकलन कर आवश्यक सेवाओं को बहाल करने का काम भी कर रही हैं। चेनानी-नाशरी सुरंग के उत्तरी प्रवेश द्वार के पास भूस्खलन के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग की एक सुरंग अवरुद्ध हुई है । भारी बारिश के कारण चोबू नाले में अचानक बाढ़ और भूस्खलन से उधमपुर-पंचेरी और कैंथगली-मौंगरी सड़कें अवरुद्ध हो गईं।उपराज्यपाल बाढ़ प्रभावित जिलों की स्थिति पर नजर रख रहे हैं और बचाव कार्य युद्ध स्तर शुरू किया गया है। खराब मौसम को देखते हुए एहतियात के तौर पर अमरनाथ यात्रा व मां वैष्णों देवी यात्रा को आज दूसरे दिन भी स्थगित कर दिया गया है। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने प्रशासन को पूरी तरह अलर्ट रहने और बचाव, राहत और बहाली के काम तेजी से करने के निर्देश दिए हैं। मंत्री आज से प्रभावित जिलों का दौरा शुरू कर सकते हैं। मौसम विज्ञान विभाग ने 23 जुलाई तक रियासी, उधमपुर, रामबन, जम्मू, कठुआ और सांबा सहित कई जिलों के साथ-साथ डोडा, किश्तवार, राजौरी और पुंछ के कुछ हिस्सों में भारी बारिश और अचानक बाढ़ और भूस्खलन का पूवार्नुमान जारी किया है।

### दक्षिण बंगाल में वर्षा के आसार, उत्तर बंगाल में भारी बारिश की चेतावनी

कोलकाता, 20 जुलाई (हि. स.)। पश्चिम बंगाल में मानसून सक्रिय रहने के कारण सोमवार को राज्य के विभिन्न जिलों में वर्षा होने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार, उत्तर बंगाल के दार्जिलिंग, कालिम्पोंग, जलपाईगुड़ी, अलीपुरद्वार तथा कूचबिहार जिलों में भारी से अति भारी वर्षा हो सकती है। लगातार वर्षा के कारण पहाड़ी क्षेत्रों में भूस्खलन तथा निचले इलाकों में जलजमाव की आशंका व्यक्त की गई है। दक्षिण बंगाल के कोलकाता, हावड़ा, हुगली, उत्तर एवं दक्षिण 24 परगना, पूर्व एवं पश्चिम मेदिनीपुर सहित अन्य जिलों में घने बादल छाए रहने तथा हल्की से मध्यम वर्षा होने का अनुमान है। कई स्थानों पर गरज के साथ बौछारें पड़ सकती हैं तथा 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से तेज हवाएं चलने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार राज्य में अधिकतम तापमान 31 से 32 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस के आसपास रह सकता है। वर्षा के कारण वातावरण में आर्द्रता का स्तर अधिक रहने से लोगों को उमस का भी सामना करना पड़ सकता है। प्रशासन ने उत्तर बंगाल के संवेदनशील क्षेत्रों में सतर्कता बरतने की सलाह दी है तथा लोगों से खराब मौसम के दौरान अनावश्यक यात्रा से बचने का अनुरोध किया गया है।

### असम में बाढ़: एक की मौत, 57 हजार से अधिक लोग प्रभावित

**गुवाहाटी** : असम में बाढ़ की स्थिति खराब बीते रविवार से भयावह रूप धारण करती जा रही है। राज्य के सात ज़िलों में 57 हजार से अधिक लोग प्रभावित हुए और एक व्यक्ति की मौत हो गई। इसके बाद राज्य सरकार ने लोगों को सुरक्षित निकालने और बचाव कार्यों के लिए भारतीय सेना और भारतीय वायु सेना को तैयार रहने को कहा है। असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एएसडीएमए) के अनुसार, शिवसागर में बाढ़ के कारण एक व्यक्ति की मौत हो गई, जिससे इस साल बाढ़ से मरने वालों की कुल संख्या पांच हो गई है। एएसडीएमए के ताजा बाढ़ बुलेटिन के अनुसार, चराईदेव, धेमाजी, डिब्रूगढ़, जोरहाट, शिवसागर, तिनसुकिया और उदालगुरी ज़िलों में 57,100 से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। शनिवार को चार ज़िलों में लगभग 24 हजार लोग प्रभावित थे, और अब यह संख्या दोगुनी से भी ज्यादा हो गई है। चराईदेव सबसे ज्यादा प्रभावित ज़िला है, जहां लगभग 24 हजार लोग प्रभावित हुए हैं। इसके बाद धेमाजी में 22 हजार से अधिक और डिब्रूगढ़ में 4 हजार से अधिक लोग बाढ़ के पानी से प्रभावित हुए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा ने कहा कि राज्य सरकार ने सेना और वायु सेना से तैयार रहने को कहा है क्योंकि शिवसागर, चराईदेव और जोरहाट में बाढ़ की स्थिति लगातार बिगड़ रही है। मुख्यमंत्री डॉ. सरमा ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ₹चूंकि शिवसागर, चराईदेव और जोरहाट में बाढ़ की स्थिति लगातार बिगड़ रही है, इसलिए असम सरकार ने भारतीय सेना और भारतीय वायु सेना से अनुरोध किया है कि वे जरूरत पड़ने पर लोगों को सुरक्षित निकालने और बचाव कार्यों में मदद के लिए तैयार रहें। मुख्यमंत्री ने चार कैबिनेट मंत्रियों– अजंता नेओग, बिमल बोरा, केशव महंत और सुशांत बूढ़ागोहाईं को भी निर्देश दिया कि वे तुरंत प्रभावित ज़िलों का दौरा करें, बचाव और राहत कार्यों की निगरानी करें और यह सुनिश्चित करें कि हर प्रभावित परिवार को समय पर मदद मिले। डॉ. सरमा ने कहा, ₹हमारे लोगों की सुरक्षा और भलाई हमारी सबसे बड़ी प्राथमिकता है। मैं चौबीसों घंटे स्थिति पर नजर रख रहा हूं, और हम लोगों की जान बचाने और हर संभव राहत पहुंचाने के लिए हर जरूरी कदम उठाएंगे।₹ एएसडीएमए ने बताया है कि प्रशासन चार ज़िलों में 14 राहत कैंप और राहत वितरण केंद्र चला रहा है, जहां अभी 440 विस्थापित लोग शरण लिए हुए हैं। स्टेट डिजास्टर रिस्पॉन्स फोर्स (एसडीआरएफ) के जवानों ने रविवार को दिन भर में चराईदेव के अलग-अलग इलाकों से 10 लोगों को बचाया। पिछले 24 घंटों में बांटी गई राहत सामग्री में 58.17 क्विंटल चावल, 10.89 क्विंटल दाल, 3.26 क्विंटल नमक और 326.88 लीटर सरसों का तेल शामिल था। बाढ़ से राज्य भर के 298 गांव जलमग्न हो गए हैं और 3,874.84 हेक्टेयर कृषि भूमि को नुकसान पहुंचा है। बाढ़ के पानी ने कई ज़िलों में तटबंधों, सड़कों, पुलों और अन्य बुनियादी ढांचों को भी नुकसान पहुंचाया है। एएसडीएमए ने बताया कि डिब्रूगढ़ ज़िले के खोवांग इलाके में चेनिमारी के पास बुर्हिदिहिंग नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है, जबकि बाढ़ से 37,500 से ज्यादा पालतू जानवर और पोल्ट्री भी प्रभावित हुए हैं।



# मप्र विधानसभा का मानसून सत्र आज से

एजेंसी

**भोपाल :** मध्य प्रदेश विधानसभा का मानसून सत्र आज से प्रारंभ हो रहा है। 24 जुलाई तक चलने वाले इस पांच दिवसीय सत्र में राज्य सरकार द्वारा 2026-27 के लिए प्रथम अनुपूरक बजट के साथ समान नागरिक संहिता (यूसीसी) सहित कुल 14 विधेयक प्रस्तुत किए जाएंगे। वहीं, मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस उज्जैन जमीन खरीद मामले, कानून-व्यवस्था, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, किसानों की समस्याओं, ओबीसी आरक्षण, बिजली संकट और केन-बेतवा परियोजना से प्रभावित लोगों के विस्थापन जैसे मुद्दों पर सरकार को घेरने की तैयारी में है।

विधानसभा के मानसून सत्र में सरकार समान नागरिक संहिता बिल पेश करेगी। रविवार को जगदीशपुर में हुई कैबिनेट बैठक में इस बिल के मसौदे समेत कई विधेयकों को मंजूरी दी गई। सरकार निजी विश्वविद्यालय अधिनियम संशोधन, मध्य प्रदेश अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवा विधेयक,राजमार्ग संशोधन, नागरिक सुरक्षा संहिता संशोधन और अन्य विधेयकों को भी सदन में लाएगी। मध्य प्रदेश सरकार वित्तीय वर्ष का पहला अनुपूरक बजट 21 जुलाई को विधानसभा में पेश करेगी। यह बजट 7 हजार करोड़ रुपये का होगा। इसमें पूंजीगत निवेश और अधोसंरचना विकास पर जोर दिया जाएगा।



सत्र की अधिसूचना जारी होने से अब तक विधानसभा सचिवालय में तारांकित प्रश्न 900 एवं अतारांकित प्रश्न 856 कुल 1756 प्रश्नों की सूचनाएं प्राप्त हुई हैं। जबकि 267 ध्यानाकर्षण, पांच स्थगन प्रस्ताव, 20 अशासकीय संकल्प और 77 शून्यकाल की सूचनाएं प्राप्त हुई हैं। उल्लेखनीय है कि मध्य प्रदेश की सोलहवीं विधानसभा का यह एकादश सत्र होगा। विपक्ष ने सत्र को लेकर अपनी रणनीति तैयार कर ली है। कांग्रेस कानून-व्यवस्था की स्थिति, बढ़ते अपराध, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, किसानों की समस्याओं, फसल नुकसान, ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण, बिजली आपूर्ति, महंगाई और शिक्षा-स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दों पर सरकार से जवाब मांगेगी। इसके अलावा केन-बेतवा परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण और प्रभावित ग्रामीणों को कथित तौर पर जबरन हटाए जाने के मुद्दे को भी सदन में जोरदार तरीके से उठाने की तैयारी है। वहीं, सत्ता पक्ष ने भी अपने सदस्यों को विपक्ष के सवालों का तथ्यों के साथ जवाब देने को कहा है।

## तकनीकी त्रुटि दूर कर एलएलबी छात्रों का परीक्षाफल अपडेट : राकेश कुमार

एजेंसी

**कानपुर :** एलएलबी पाठ्यक्रम के परीक्षा परिणाम विश्वविद्यालय की परीक्षा नियमावली और प्रचलित अध्यादेश के अनुरूप घोषित किए गए हैं। जिन छात्रों के परीक्षाफल में तकनीकी त्रुटि के कारण समस्या आई थी, उसे तत्काल दूर कर परिणाम अपडेट कर दिया गया है। यह बातें रविवार को परीक्षा नियंत्रक राकेश कुमार ने कहीं। छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय ने आज एलएलबी पाठ्यक्रम के परीक्षाफल का पुनः परीक्षण किया। जांच के दौरान पंडित आर.के. शुक्ला विधि महाविद्यालय, कानपुर (केएन-112) के एलएलबी षष्ठम सेमेस्टर के कुछ छात्र-छात्राओं के परिणाम में तकनीकी त्रुटि सामने आई, जिसे तत्काल ठीक कर दिया गया। परीक्षा नियंत्रक राकेश कुमार ने बताया कि समर्थ पोर्टल पर कुछ विद्यार्थियों के परीक्षाफल में तकनीकी कारणों से आर.डी. प्रदर्शित हो रहा था। मामले की जानकारी मिलते ही विश्वविद्यालय की तकनीकी टीम ने त्रुटि का परीक्षण कर उसे दूर कराया और संबंधित विद्यार्थियों का संशोधित परीक्षाफल पोर्टल पर अपडेट कर दिया। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय से संबद्ध अन्य सभी विधि महाविद्यालयों के एलएलबी पाठ्यक्रम के परीक्षा परिणाम पूर्व निर्धारित प्रक्रिया के अनुरूप घोषित किए गए हैं। यह समस्या केवल पंडित आर.के. शुक्ला विधि महाविद्यालय के एलएलबी षष्ठम सेमेस्टर के कुछ परीक्षार्थियों तक सीमित थी। विश्वविद्यालय प्रशासन ने प्रभावित विद्यार्थियों से अद्यतन परीक्षाफल विश्वविद्यालय के समर्थ पोर्टल पर देखकर आवश्यक जानकारी प्राप्त करने की अपील की है। साथ ही स्पष्ट किया गया कि परीक्षा परिणाम विश्वविद्यालय की परीक्षा नियमावली एवं प्रचलित अध्यादेश के अनुसार ही घोषित किए गए हैं।

## स्वस्थ समाज के निर्माण में जागरूकता और नियमित स्वास्थ्य जांच जरूरी : प्रो. विनय कुमार

एजेंसी

**कानपुर :** स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता और नियमित स्वास्थ्य परीक्षण की आदत विकसित करना आवश्यक है। विश्वविद्यालय इसी उद्देश्य से समाज के बीच पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं और जनजागरूकता कार्यक्रमों का संचालन कर रहा है। यह बातें रविवार को छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय (सीएसजेएमयू) के कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक ने कहीं। छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ हेल्थ साइंसेस विभाग की ओर से रविवार को कल्याणपुर स्थित रतन आर्बिट, मुखर्जी विहार में स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर का आयोजन राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा तथा कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक के मार्गदर्शन में किया गया। इसका उद्देश्य स्थानीय लोगों को स्वास्थ्य परीक्षण की सुविधा उपलब्ध कराने के साथ-साथ विभिन्न बीमारियों के प्रति जागरूक करना रहा। शिविर का संचालन स्कूल ऑफ हेल्थ साइंसेस के निदेशक डॉ. मुनीश रस्तोगी के नेतृत्व में किया गया। इसमें बुजुर्गों, महिलाओं, पुरुषों और बच्चों के लिए फिजियोथेरेपी परीक्षण, नेत्र परीक्षण, रक्तचाप परीक्षण तथा पोषण संबंधी मूल्यांकन की व्यवस्था की गई। विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों की लंबाई और वजन का मापन कर उनके पोषण स्तर का भी आकलन किया। शिविर में विशेष रूप से बुजुर्गों के स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित किया गया। उनका रक्तचाप और शारीरिक परीक्षण कर उन्हें उम्र बढ़ने के साथ होने वाले शारीरिक परिवर्तनों, नियमित व्यायाम तथा संतुलित जीवनशैली के बारे में जानकारी दी गई। चिकित्सकों ने उन्हें स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक सावधानियां अपनाने की भी सलाह दी। बच्चों और बुजुर्गों के नेत्र परीक्षण के दौरान निकट एवं दूर दृष्टि की जांच कर आवश्यकता के अनुसार चश्मे की पावर निर्धारित की गई। इसके अलावा रंग पहचानने की क्षमता (वर्णान्धता) की भी जांच की गई। विशेषज्ञों ने लोगों को बताया कि मधुमेह और उच्च रक्तचाप जैसी बीमारियों का आंखों पर भी प्रभाव पड़ सकता है, इसलिए समय-समय पर नेत्र परीक्षण कराना आवश्यक है।



# ग्लोबल मार्केट से मिले-जुले संकेत एशिया में भी मिला-जुला कारोबार

एजेंसी

**नई दिल्ली :** ग्लोबल मार्केट से आज मिले-जुले संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान कमजोरी के साथ बंद हुए। हालांकि डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज फिलहाल सांकेतिक तेजी के साथ कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार पिछले सत्र के दौरान मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुए। इसी तरह एशियाई बाजार में भी आज मिला-जुला कारोबार हो रहा है। पश्चिम एशिया में जंग तेज होने की वजह से अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में जोरदार तेजी आ गई है, जिससे एक बार फिर महंगाई बढ़ने की आशंका बन गई है। इस आशंका के कारण अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान दबाव में कारोबार होता रहा। डाउ जॉन्स इंडस्ट्रियल एवरेज 406.55 अंक यानी 0.77 प्रतिशत की गिरावट के साथ 52,146.42 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह एस एंड पी 500 इंडेक्स ने 76.08 अंक यानी 1.01 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 7,457.69 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा नैस्डेक 361.70 अंक यानी 1.40 प्रतिशत टूट कर 25,520.24 अंक के स्तर पर बंद हुआ। वहीं डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज फिलहाल 0.05 अंक की सांकेतिक बढ़त के साथ 52,146.47 अंक के स्तर पर कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार में पिछले सत्र के दौरान मिला-जुला कारोबार होता रहा। एफटीएसई इंडेक्स 0.27 प्रतिशत की मजबूती के साथ 10,600.37 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसके विपरीत सीएसी इंडेक्स ने 0.47 प्रतिशत लुढ़क कर 8,338.81 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा डीएएक्स इंडेक्स 0.34 प्रतिशत फिसल कर 24,830.98 अंक के स्तर पर बंद हुआ। एशियाई बाजार में आज मिला-जुला कारोबार हो रहा है। एशिया के नौ बाजार में से चार के सूचकांक कमजोरी के साथ लाल निशान में कारोबार कर रहे हैं, जबकि चार सूचकांक मजबूती के साथ हरे निशान में बने हुए हैं। टोक्यो स्टॉक एक्सचेंज में आज कारोबार नहीं होने के कारण निक्केई इंडेक्स में कोई हलचल नहीं है। गिफ्ट निफ्टी फिलहाल 191 अंक यानी 0.78 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,158 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह ताइवान वेटेड इंडेक्स 0.20 प्रतिशत टूट कर 42,588 अंक के स्तर तक चला गया है। कोस्पी इंडेक्स में आज जबरदस्त कमजोरी नजर आ रही है। फिलहाल यह सूचकांक 261.18 यानी 3.83 प्रतिशत लुढ़क कर 6,559.42 अंक के स्तर तक गिर गया है। इसके अलावा सेट कंपोजिट इंडेक्स 0.12 प्रतिशत फिसल कर 1,637.03 अंक के स्तर पर आ गया है। दूसरी ओर, जकार्ता कंपोजिट इंडेक्स 0.87 प्रतिशत की मजबूती के साथ 6,229.19 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 1.18 प्रतिशत की छलांग लगा कर 3,808.39 अंक के स्तर पर आ गया है। हैंग सेंग इंडेक्स में आज जोरदार तेजी नजर आ रही है। फिलहाल यह सूचकांक 509.76 अंक यानी 2.08 प्रतिशत उछल कर 25,072 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। इसके अलावा स्ट्रेट्स टाइम्स इंडेक्स 0.02 प्रतिशत की सांकेतिक बढ़त के साथ 5,510.74 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है।




## मोबाइल देखते समय सर्पदंश से 19 वर्षीय युवती की मौत

**मेदिनीपुर :** पश्चिम मेदिनीपुर जिले के दांतन थाना क्षेत्र के बामनपुकुर इलाके में सांप के डसने से एक 19 वर्षीय युवती की मौत हो गई। घटना के बाद पूरे इलाके में शोक का वातावरण है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, युवती रविवार रात अपने घर में मोबाइल देख रही थी। इसी दौरान घर में घुसे एक विषैले सांप ने उसे डस लिया। पहले तो परिजनों को घटना की गंभीरता का अंदाजा नहीं हुआ, लेकिन कुछ समय बाद युवती की तबीयत तेजी से बिगड़ने लगी। इसके बाद उसे तत्काल दांतन ग्रामीण अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने के बाद स्थानीय लोगों में शोक की लहर फैल गई। बरसात के मौसम में सांपों का उपद्रव बढ़ जाने से ग्रामीण क्षेत्रों में चिंता भी बढ़ गई है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से क्षेत्र में जागरूकता अभियान चलाने तथा सर्पदंश से बचाव के उपायों को लेकर लोगों को सचेत करने की मांग की है। उल्लेखनीय है कि मानसून के दौरान घरों के फर्श, अंधेरे कोनों तथा झाड़ियों के आसपास सांपों के निकलने की घटनाएं बढ़ जाती हैं।

## बलिया : पुलिस मुठभेड़ में गवाह का हत्यारोपित गिरफ्तार, पैर में लगी गोली

बलिया,: उत्तर प्रदेश के बलिया जिले में थाना गड़वार पुलिस ने एक मुकदमे में गवाह की हत्या मामले में एक आरोपित को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार हत्यारोपित पैर में गोली लगने से घायल हो गया है, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार, रविवार की बीती मध्यरात्रि गड़वार पुलिस गश्त और चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर रतसड़-नूरपुर मार्ग स्थित पुलिया के पास संदिग्ध की घेराबंदी की गई। पुलिस का दावा है कि खुद को घिरा देख आरोपित सौरभ उपाध्याय (27) निवासी असनवार पंडितपुरा ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में आरोपित के दाहिने पैर में गोली लगी, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। घायल आरोपित को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रतसड़ भेजा गया, जहां उसका उपचार जारी है। अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) संजय वर्मा ने सोमवार सुबह बताया कि पूछताछ में मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार आरोपित ने स्वीकार किया कि उसने अपने पिता देवेन्द्र उपाध्याय के कहने पर अपने साथियों गोविन्द चौहान, अरुण राजभर, सोनू चौहान और सूरज चौहान के साथ मिलकर पुराने मुकदमे के गवाह विनोद उपाध्याय की हत्या की थी। एएसपी ने बताया कि आरोपित के कब्जे से एक अवैध .315 बोर तमंचा, एक जिंदा कारतूस और एक खोखा कारतूस बरामद करने का दावा किया है। मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## अधेड़ का शव फांसी के फंदे से लटका मिला

**प्रयागराज :** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले में स्थित मेजा थाना क्षेत्र के मटीही गोसौरा कला गांव में सोमवार को फंदे से अधेड़ का शव लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने शव कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई की। पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। फिर भी मृत्यु का स्पष्ट कारण जानने के लिए पोस्टमार्टम कराया जाएगा। पुलिस उपायुक्त यमुनानगर विवेक चन्द्र यादव ने बताया कि मेजा थाना क्षेत्र के मटीही गोसौरा कला गांव निवासी अवधेश पटेल (50) का शव सोमवार को फांसी के फंदे से लटका मिला। परिवार की सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने शव कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। घटनास्थल पर फोरेंसिक टीम भी पहुंची है। परिवार से इस संबंध में पूछताछ की जा रही है। परिवार के लोग यदि कोई तहरीर देते हैं तो विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## मुख्यमंत्री विजय पर विवादित टिप्पणी के आरोप में डीएमके विधायक गिरफ्तार

**तूतीकोरिन (तमिलनाडु) :** तमिलनाडु के विलाथिकुलम से डीएमके विधायकमार्कंडेयनको आज तड़के पुलिस ने नाटकीय ढंग से गिरफ्तार कर लिया । उनकी गिरफ्तारी तूतीकोरिन के कोविलपट्टी में डीएमके की आमसभा में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय के खिलाफ की गई विवादित टिप्पणी के संदर्भ में की गई है। डीएमके विधायक मार्कंडेयन की गिरफ्तारी से डीएमके सकते में है। कुछ दिन पहले कोविलपट्टी के पास डीएमके की ओर से मतदाताओं को धन्यवाद देने के लिए एक आमसभा आयोजित की गई थी। इस सभा में डीएमके के आर. एस. भारती, पूर्वमंत्री तथा वर्तमान विधायक सहित कई नेता शामिल हुए थे। कहा जा रहा है कि इस आमसभा में मंच से मार्कंडेयन ने मुख्यमंत्री विजय के बारे में धमकी भरे लहजे में कुछ विवादित शब्दों का प्रयोग किया। इसके अलावा उन्होंने यह भी कहा कि, ह्लभ्रष्टाचार का पूरा स्वरूप तमिलनाडु के मुख्यमंत्री हैं।ह्व विधायक की इस टिप्पणी से तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) के पदाधिकारियों और कार्यकताओं में रोष फैल गया। इसके बाद टीवीके के तूतीकोरिन जिला पदाधिकारियों ने जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय में मार्कंडेयन के विरुद्ध मानहानि और धमकी देने की शिकायत दर्ज कराई। इस शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज किया और आज तड़के 50 से अधिक पुलिसकर्मियों के साथ अधिकारी विलाथिकुलम स्थित मार्कंडेयन के घर पहुंचे। उन्हें गिरफ्तार कर लिया। मार्कंडेयन की गिरफ्तारी की सूचना पर उनके घर के सामने बड़ी संख्या में डीएमके पदाधिकारी और कार्यकर्ता एकत्र हो गए। जब पुलिस उन्हें पूछताछ के लिए तूतीकोरिन एसपी कार्यालय ले जाने लगी, तब उनके समर्थकों ने पुलिस वाहन का घेराव कर किया। समर्थकों ने सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन भी किया।

## खेत से लौट रहे युवक की धारदार हथियार से हत्या

**अमेठी :** उत्तर प्रदेश के अमेठी जनपद अंतर्गत मुसाफिरखाना कोतवाली क्षेत्र के भद्दौर गांव में रविवार देर रात खेत से घर लौट रहे एक युवक की धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए आरोपितों की तलाश शुरू कर दी। भद्दौर गांव निवासी रामकरन (40) रविवार रात करीब 11:30 बजे आवारा पशुओं से खेत की रखवाली करने के बाद घर लौट रहे थे। इसी दौरान रास्ते में घात लगाए बैठे कुछ लोगों ने उन पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमले में रामकरन की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची मुसाफिरखाना पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने साक्ष्य संकलित कर मामले की जांच शुरू कर दी है। कोतवाल विवेक कुमार सिंह ने सोमवार को बताया कि प्रथम दृष्टया मामला जमीनी विवाद से जुड़ा प्रतीत हो रहा है। परिजनों की तहरीर के आधार पर मृतक के भाई और भतीजे के विरुद्ध नामजद मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमें लगातार दबिश दे रही हैं और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## कानपुर : डिवाइडर से टकराकर कार में लगी आग, दो लोगों की जिंदा जलकर मौत

**कानपुर :** उत्तर प्रदेश के कानपुर देहात जनपद में कानपुर-इटावा राष्ट्रीय राजमार्ग पर रविवार देर रात डेरापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत मुंगीसापुर के पास एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। टक्कर के बाद कार में भीषण आग लग गई और देखते ही देखते आग ने वाहन को अपनी आगोश में ले लिया। इस हादसे में कार सवार दो लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई।

# लोकनाथ नगर में 600 मीटर पीसीसी सड़क एवं आरसीसी नाली निर्माण को मिली मंजूरी, स्थानीय लोगों में खुशी

संवाददाता

**चक्रधरपुर :** चक्रधरपुर नगर परिषद क्षेत्र के लोकनाथ नगर की वर्षों पुरानी सड़क एवं जलनिकासी की समस्या के समाधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल हुई है। विधायक सुखराम उरांव की अनुशंसा पर लगभग 600 मीटर लंबी पीसीसी सड़क एवं आरसीसी नाली निर्माण के लिए डीपीआर तैयार करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसी क्रम में सोमवार को संबंधित विभाग के अभियंताओं द्वारा स्थल का निरीक्षण एवं मापी कार्य किया गया। यह पहल क्षेत्र के लोगों के लिए बड़ी राहत लेकर आएगी।

स्थल निरीक्षण के दौरान विधायक प्रतिनिधि गुड्डू सिंह की मौजूदगी में एनआरईपी के कनिष्ठ अभियंता अंकित कुमार ने डीपीआर तैयार करने हेतु आवश्यक मापी की। प्रस्तावित योजना के तहत एनएच-75 स्थित डॉ. अली की



जमीन के समीप से समरेश सिंह के घर होते हुए फनी दास के घर तक लगभग 600 मीटर पीसीसी सड़क एवं आरसीसी नाली का निर्माण कराया जाएगा।

स्थानीय लोगों ने बताया कि लंबे समय से सड़क जर्जर होने और जलनिकासी की समुचित व्यवस्था नहीं रहने के कारण बरसात के दिनों में आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। सड़क और नाली निर्माण से क्षेत्र में जलजमाव की समस्या दूर होगी तथा लोगों को बेहतर आवागमन की सुविधा मिलेगी।

इस अवसर पर स्थानीय नागरिकों ने विधायक सुखराम उरांव एवं विधायक प्रतिनिधि गुड्डू सिंह के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह योजना क्षेत्र के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। लोगों ने उम्मीद जताई कि डीपीआर तैयार होने के बाद निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ होगा, जिससे वर्षों पुरानी समस्या का स्थायी समाधान संभव हो सकेगा।

न्यूज IN ब्रीफ

## बिजली चोरी का खुलासा, लगा 53 हजार रुपए से अधिक का जुर्माना

**हुसैनाबाद :** बिजली चोरी के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत जपला में बिजली विभाग की टीम ने एक मुर्गी फार्म पर छापेमारी कर बिजली चोरी का मामला पकड़ा है। मामले में विभाग ने 53,538 रुपए का जुमार्ना लगाते हुए हुसैनाबाद थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है।

कनीय विद्युत अभियंता सुधीर बांदो द्वारा थाना में दिए गए आवेदन के अनुसार, सहायक विद्युत अभियंता राम प्रसाद महतो के नेतृत्व में विभागीय टीम ने जपला के चिक टोली स्थित गुलबाग स्टेडियम के समीप संचालित सैयद काजिम हसनैन जैदी के व्यावसायिक परिसर (मुर्गी फार्म) का निरीक्षण किया। जांच के दौरान पाया गया कि परिसर में बिना वैध विद्युत कनेक्शन एवं बिना अधिकृत मीटर के मुख्य एलटी लाइन में पीवीसी तार जोड़कर अवैध रूप से बिजली का उपयोग किया जा रहा था।

निरीक्षण के दौरान परिसर में लगा मीटर संख्या 1819906 (इंडोटेक) एवं उपभोक्ता संख्या बीएचटी-22 दर्ज मिली, जिसे विभाग ने संबंधित परिसर का वैध कनेक्शन नहीं माना। विभाग का कहना है कि इस अवैध उपयोग से झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड को 53,538 रुपए की आर्थिक क्षति हुई है इस मामले में कनीय विद्युत अभियंता सुधीर बांदो ने भारतीय विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 135 के तहत आरोपी के विरुद्ध हुसैनाबाद थाना में प्राथमिकी दर्ज कर कानूनी कार्रवाई का अनुरोध किया है।

छापेमारी दल में सहायक विद्युत अभियंता राम प्रसाद महतो, कनीय विद्युत अभियंता सुधीर बांदो, संतोष कुमार सिंह, राजकुमार यादव, बबन कुमार, अशोक कुमार मेहता सहित अन्य विभागीय कर्मी शामिल थे। विभाग ने स्पष्ट किया है कि बिजली चोरी के विरुद्ध अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## तेज रफ्तार ट्रक ने स्कूटी को रौंदा, मासूम की मौत, तीन गंभीर घायल

**मेदिनीनगर :** जिले के सदर थाना क्षेत्र के सिंगरा खुर्द के पास सोमवार सुबह तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से स्कूटी सवार एक मासूम की मौत हो गई, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक की पहचान पाटन थाना क्षेत्र के अमवा गांव निवासी अंश कुमार के रूप में हुई है।

जानकारी के अनुसार, सभी लोग स्कूटी से बटसरा से मेदिनीनगर स्थित निमिया स्कूल बच्चों को छोड़ने जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में अंश कुमार की मौके पर ही गंभीर चोट लगी, जबकि उसकी मां सुनीता देवी, बहन अंशिका आकृति और नारायण कुमार रवि गंभीर रूप से घायल हो गए।

सूचना मिलते ही पुलिस ने सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने अंश कुमार को मृत घोषित कर दिया। अन्य घायलों का इलाज जारी है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है तथा दुर्घटना की जांच शुरू कर दी है।

## सड़क हादसे में राजद के पलामू जिला उपाध्यक्ष सुशील यादव का निधन



**मेदिनीनगर :** पलामू जिला राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के जिला उपाध्यक्ष एवं छतरपुर थाना क्षेत्र के सिलदाग गांव निवासी सुशील यादव की सड़क दुर्घटना में इलाज के दौरान मौत हो गई। बताया गया कि हजारीबाग जिले के बरही-चौपारण के बीच बने डायवर्सन में उनकी स्कॉर्पियो दुर्घटनाग्रस्त होकर गिर गई, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें रिम्स ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनका निधन हो गया।

हादसे में स्कॉर्पियो पर सवार रितेश मेडिकल के संचालक रितेश कुमार, डॉ. विनय यादव समेत एक अन्य व्यक्ति भी गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिनका निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। घटना पर राजद के अनुमंडलीय अध्यक्ष लवलेश यादव ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए इसे पार्टी के लिए अपूरणीय क्षति बताया।

## महिला को सांप ने डंसा, इलाज के दौरान मौत

**मेदिनीनगर :** जिले के छतरपुर थाना क्षेत्र के हुटुगदाग गांव निवासी 36 वर्षीय दुर्गा देवी की सांप के काटने से मौत हो गई। परिजनों के अनुसार, रविवार देर रात करीब 2:30 बजे वह जमीन पर सो रही थीं, तभी जहरीले सांप ने उन्हें डस लिया। गंभीर हालत में उन्हें पहले छतरपुर अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना पर अस्पताल पुलिस चौकी की टीम ने पहुंचकर शव का इंक्वेस्ट किया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। महिला की मौत से परिजनों में मातम पसरा है।

## जेपीएससी कार्यालय घेराव की तैयारी तेज, 22 जुलाई को रांची कूच करेगा भाजयुमो

**मेदिनीनगर :** भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) पलामू की जिला योजना बैठक रविवार को जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष डॉ. विपुल गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में 22 जुलाई को रांची स्थित झारखंड लोक सेवा आयोग कार्यालय के प्रस्तावित घेराव कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की गई। बैठक में कार्यकताओं की भागीदारी, आवागमन, संगठनात्मक दायित्व तथा सभी मंडलों से अधिक से अधिक युवाओं की सहभागिता सुनिश्चित करने पर चर्चा हुई। पदाधिकारियों ने लोकतांत्रिक एवं शांतिपूर्ण तरीके से प्रतियोगी छात्रों और युवाओं से जुड़े मुद्दों को उठाने के लिए कार्यक्रम को सफल बनाने का संकल्प लिया। बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष अमित तिवारी, पूर्व जिलाध्यक्ष विजयनंद पाठक, कार्यक्रम प्रभारी रघुवीर यादव, प्रदेश मंत्री विश्वजीत पाठक, प्रदेश आईटी सेल के आशीष भारद्वाज, किसान मोर्चा के जितेंद्र तिवारी, पूर्व भाजयुमो जिलाध्यक्ष प्रियरंजन शर्मा सहित पार्टी एवं युवा मोर्चा के कई पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन भाजयुमो के जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन ने किया।

## श्राद्ध कर्म के दौरान आकाशीय बिजली का कहर, बच्ची समेत दो की मौत

**सरायकेला :** सरायकेला-खरसावां जिले से एक बेहद दर्दनाक खबर सामने आई है। सरायकेला थाना क्षेत्र अंतर्गत मुड़कुम पंचायत के नुआगुड़ा गांव में रविवार शाम करीब छह बजे वज्रपात (आकाशीय बिजली) की चपेट में आने से दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पांच अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह दुखद घटना उस समय हुई जब गांव में एक परिवार में श्रद्धा कर्म (श्राद्ध कार्यक्रम) चल रहा था। इस दौरान अनुष्ठान में शामिल होने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण और रिश्तेदार वहां मौजूद थे। इसी बीच अचानक मौसम बदला और तेज गर्जना के साथ आकाशीय बिजली सीधे कार्यक्रम स्थल पर आ गिरी। वज्रपात होते ही मौके पर चीख-पुकार और अफरा-तफरी मच गई। इस प्राकृतिक आपदा में जान गंवाने वालों की पहचान नौ वर्षीय रोशनी सोरेन और 32 वर्षीय सोनू सरदार के रूप में हुई है।

# बेहतर विधि व्यवस्था आमजनों की सुरक्षा पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार की सशक्त पहचान है

बिनय मिश्रा

गोड्डा जिला के पुलिस कप्तान मुकेश कुमार के बेहतर और उत्कृष्ट कार्य प्रणाली का ही यह परिणाम है कि जिला वासियों में पुलिस के प्रति विश्वास और मित्रता दोनों प्रगाढ़ हुआ है और इसके लिए पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार की बेहतर कार्य प्रणाली और आम लोगों के साथ सहज तथा मित्रता पूर्वक व्यवहार काफी कारगर सिद्ध हुआ है भारतीय पुलिस सेवा 2016 बैच के आईपीएस अधिकारी मुकेश कुमार के गोड्डा जिला में पुलिस अधीक्षक के रूप में योगदान देने के पश्चात से ही उनके द्वारा जिला वासियों की सुरक्षा और और आम जनमानस के बीच पुलिस की मित्रता पूर्वक कार्य काफी बेहतर और उत्कृष्ट साबित हुए हैं आम लोगों के लिए सहज रूप से उपलब्ध रहने वाले पुलिस अधीक्षक की कार्य प्रणाली को जिला वासी काफी बेहतर और उत्कृष्ट मानते हैं वहीं पुलिस कप्तान मुकेश कुमार का भी मानना है कि आम लोग पुलिस को अपना हितेषी और मित्र समझे



और अपनी समस्या औरपीड़ा की जानकारी दें पुलिस उनके समस्याओं का निष्पादन करने के लिए हर संभव प्रयास और पहल करेगी पुलिस अधीक्षक का यह बेहतर तथा प्रशंसनीय कार्य निश्चित तौर पर काफी सराहनीय और उपलब्धि भरा है पुलिस अधीक्षक का स्पष्ट मानना है कि थाना और पुलिस के पास वही लोग जाते हैं जो समस्या और परेशानी से पीड़ित हुआ करते हैं इस परिस्थिति में पुलिस का यह दायित्व है कि वह पीड़ित पीड़ित व्यक्ति की बातों को सुने और उसके समाधान के लिए हर संभव कारगर पहल करें ऐसे पुलिस अधिकारी से निश्चित तौर पर राज्य और जिला दोनों गौरवान्वित होते हैं और हमें ऐसे आईपीएस अधिकारी पर निश्चित तौर पर गर्व है।

# अजय कुमार मिश्रा गिरिडीह जिला राजीव गांधी विचार समिति के जिलाध्यक्ष मनोनीत

मेट्रोरेज संवाददाता

**मेदिनीनगर :** झारखंड प्रदेश राजीव गांधी विचार समिति के अध्यक्ष हृदयानंद मिश्र, एडवोकेट ने वरिष्ठ समाजसेवी एवं कांग्रेस विचारधारा के प्रतिबद्ध कार्यकर्ता अजय कुमार मिश्रा को राजीव गांधी विचार समिति, गिरिडीह जिला का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है। इस अवसर पर उन्हें विधिवत मनोनयन-पत्र प्रदान किया गया।

मनोनयन के अवसर पर श्री मिश्र ने कहा कि भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के विचार, नैतिकता, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और लोकतांत्रिक मूल्यों को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाना समिति का प्रमुख उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि अजय कुमार मिश्रा लंबे समय से सामाजिक सरोकारों से जुड़े रहे हैं तथा जनसेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता, संगठनात्मक क्षमता और कर्मठता उन्हें इस महत्वपूर्ण दायित्व के लिए उपयुक्त बनाती है।

श्री मिश्र ने विश्वास व्यक्त किया कि अजय कुमार मिश्रा के नेतृत्व में गिरिडीह जिला इकाई राजीव



गांधी के प्रगतिशील विचारों को जन-जन तक पहुँचाने के साथ-साथ शिक्षा, सामाजिक समरसता, युवा जागरूकता, लोकतांत्रिक मूल्यों और जनकल्याण से जुड़े रचनात्मक कार्यक्रमों को नई गति देगी तथा संगठन को मजबूत आधार प्रदान करेगी।

नवनियुक्त जिलाध्यक्ष अजय कुमार मिश्रा ने प्रदेश नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का हरसंभव प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि गिरिडीह जिले में राजीव गांधी के विचारों को जन-आंदोलन का स्वरूप देने, युवाओं, बुद्धिजीवियों और समाज के विभिन्न वर्गों को जोड़ने तथा सामाजिक सेवा के नए आयाम स्थापित करने के लिए व्यापक अभियान चलाया जाएगा।

इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं राजीव गांधी विचार समिति के प्रबुद्ध वर्ग का प्रतिनिधित्व करने वाले सुरेश पाठक, अनुराग मंडल सहित समिति के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पचगढ़ी बाजार में जल जमाव से लोग हलकान

**धनबाद :** कतरास कोयलांचल में रविवार की देर शाम हुई बारिश के कारण राजगंज-कतरास मार्ग स्थित पचगढ़ी बाजार में जल जमाव हो गया। इससे यहां से गुजरने वाले राहगीरों समेत बाइक सवारों को काफी परेशानी हुई। जल जमाव के कारण सड़क के दोनों ओर बन रहे नालों की गुणवत्ता की भी पोल खुल गई। बताया जाता है कि बन रहा नाला कई जगहों पर टूट कर पानी में बह गया। वहीं नाला का गंदा पानी बीच सड़क में फैल गया। इससे काफी बदबू आ रही है। पचगढ़ी बाजार के रानीबाजार गल्ली समेत प्रियदर्शनी पथ, कतरास पोस्ट ऑफिस परिसर, कतरास थाना परिसर समेत अन्य जगहों पर जल जमाव की समस्या से लोग परेशान हैं।

# सिमडेगा में मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य तेज 86% से अधिक प्रपत्रों का डिजिटाइजेशन पूरा

संवाददाता

**सिमडेगा :** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (रस्त्रीं' क्ल्लशेल्ल२५ी फी५२ङ्ल्ल-रक्फ) 2026 के तहत सिमडेगा जिले में प्रपत्रों के डिजिटाइजेशन का कार्य युद्धस्तर पर जारी है। जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्रों—70-सिमडेगा (एसटी) और 71-कोलेबिरा (एसटी)—में बीएलओ एवं संबंधित कर्मियों द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं के प्रपत्रों का संकलन एवं डिजिटाइजेशन किया जा रहा है।

19 जुलाई 2026 की शाम 8 बजे तक के आंकड़ों के अनुसार, 70-सिमडेगा विधानसभा क्षेत्र में कुल 2,46,883 मतदाताओं में से 2,06,902 मतदाताओं के प्रपत्रों का डिजिटाइजेशन पूरा कर लिया गया है। यह कुल मतदाताओं का 83.81 प्रतिशत है। 18 जुलाई की तुलना में इस क्षेत्र में 3.46 प्रतिशत की प्रगति दर्ज की गई है। केरसई प्रखंड ने 4.51 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ सर्वाधिक प्रगति हासिल की है, जबकि सिमडेगा प्रखंड में 86.08 प्रतिशत और पाकरटांड़ प्रखंड में 93.13 प्रतिशत डिजिटाइजेशन कार्य पूर्ण हो चुका है।

इसी तरह, 71-कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र में कुल 2,11,759 मतदाताओं में से 1,88,469 मतदाताओं के प्रपत्रों का डिजिटाइजेशन किया जा चुका है, जो कुल मतदाताओं का 89 प्रतिशत है। यहां 18 जुलाई की तुलना में 3.56 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। बोलबा प्रखंड में 4.36 प्रतिशत तथा बांसजोर प्रखंड में 4.10 प्रतिशत की उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई है। ठेठईटांगर प्रखंड में सबसे अधिक 93.58 प्रतिशत डिजिटाइजेशन कार्य पूरा हो चुका है।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त सिमडेगा ने बताया कि एसआईआर-2026 अभियान की लगातार निगरानी की जा रही है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मियों को निर्धारित समय सीमा के भीतर शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। प्रशासन का लक्ष्य तय समय में सभी पात्र मतदाताओं के प्रपत्रों का डिजिटाइजेशन पूर्ण करना है।

## असंगठित मजदूर मोर्चा के जिला सम्मेलन में केंद्र पर साधा निशाना

संवाददाता

**धनबाद :** सिंदरी के संत टेरेसा कैथोलिक चर्च हॉल में रविवार को भाकपा असंगठित मजदूर मोर्चा का पहला धनबाद जिला सम्मेलन हुआ। इसमें सिंदरी विधायक चंद्रदेव महतो ने कहा कि केंद्र सरकार पूरी तरह से मजदूर विरोधी नीतियां अपना रही है। सम्मेलन के मुख्य अतिथि और भाकपा पोलित ब्यूरो सदस्य पूर्व विधायक आनंद महतो ने भी केंद्र सरकार की आलोचना की। उन्होंने कहा कि सरकार ने मजदूरों के हित वाले 44 पुराने श्रम कानूनों को बदलकर सिर्फ चार लेबर कोड बना दिया है, जो गलत है। इसके साथ ही उन्होंने दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे सोनम वांगचुक के आंदोलन का समर्थन किया।

सम्मेलन में संगठन को मजबूत करने के लिए धनबाद जिला कमेटी गठित की गई। इसमें सुरेश प्रसाद को जिला अध्यक्ष, अंबुज मंडल को कार्यकारी अध्यक्ष और पवन महतो को जिला सचिव बनाया गया। इसके अलावा बाबू राजा, प्रदीप हरिजन, अरडेंगू दत्त और नागेंद्र सिंह को उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी मिली। शुभम सिंह, इकबाल अंसारी, रमेश महतो और सहदेव सिंह संयुक्त सचिव चुने गए। वहीं सीता देवी, गीता टुडू, सरस्वती किस्कू और अष्टमी महतो को संगठन सचिव तथा गणेश दास को कोषाध्यक्ष बनाया गया। कार्यकारिणी में जीतू सिंह, मंगल महतो, अजय पासवान सहित अन्य को जगह मिली। कार्यक्रम की अध्यक्षता बिंदा पासवान, कन्हाई पांडेय, सुरेश प्रसाद सहित अन्य नेताओं ने की, जबकि संचालन राजीव मुखर्जी ने किया।

## सरायकेला पुलिस ने किया जगरनाथ गोप हत्याकांड का खुलासा, चार आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता

**सरायकेला :** जिले के आदित्यपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गम्हरिया की बोलाईडीह बस्ती में हुए सनसनीखेज जगरनाथ गोप उर्फ काड़ा हत्याकांड का पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया है। मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। रविवार को सरायकेला-खरसावां के पुलिस अधीक्षक मनोज स्वर्गियारी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर यह जानकारी दी।

एसपी के अनुसार, यह वारदात 18 जुलाई 2026 को हुई थी। जिसके बाद बलरामपुर निवासी सोनू गोप ने आदित्यपुर थाने में अपने भाई जगरनाथ गोप की हत्या के संबंध में प्राथमिकी (कांड संख्या 196/2026) दर्ज कराई थी। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए एसपी के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अनुभव भारद्वाज के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी दल का गठन किया गया था।

**गिरफ्तार आरोपियों में ये हैं शामिल :** गठित टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गम्हरिया के बोलाईडीह से घटना में शामिल चार मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों में शिवम प्रमाणिक, संजय नायक, प्रेम नायक और गणेश नायक शामिल हैं।

**हत्या में प्रयुक्त लोहे के रॉड बरामद :** पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त दो लोहे की रॉड भी बरामद कर ली है। गिरफ्तार सभी अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। वहीं पुलिस इस मामले से जुड़े अन्य फरार आरोपियों की तलाश में लगातार छापेमारी कर रही है।

# आरएसएस की युवा संगोष्ठी में राष्ट्र निर्माण पर मंथन, युवाओं को 'पंच परिवर्तन' का संदेश

संवाददाता

**धनबाद :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर रविवार को धनबाद में युवा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। आईआईटी (आईएसएम) के जीजेएलटी सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में 20 से 35 वर्ष आयु वर्ग के 223 युवाओं ने हिस्सा लिया। विभिन्न सरकारी, गैर-सरकारी और शैक्षणिक संस्थानों से जुड़े युवाओं के साथ राष्ट्र निर्माण, सामाजिक दायित्व और संघ के 'पंच परिवर्तन' विषय पर विस्तृत संवाद हुआ।

कार्यक्रम की शुरूआत भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुई। आईआईटी (आईएसएम) के उपनिदेशक प्रो। धीरज कुमार ने स्वागत संबोधन में युवाओं की सक्रिय भागीदारी और समाज के प्रति उनकी जिम्मेदारियों पर प्रकाश डाला। इसके बाद आयोजित संवाद सत्र में युवाओं ने राष्ट्र, समाज और समकालीन चुनौतियों से जुड़े विषयों पर अपने प्रश्न रखे, जिनका मंचासीन वक्ताओं ने विस्तार से उत्तर दिया।

मुख्य वक्ता एवं बिहार-झारखंड क्षेत्र के सामाजिक सद्भाव संयोजक राकेश लाल ने



कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपने शताब्दी वर्ष में प्रवेश कर चुका है और विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका सबसे अहम है। उन्होंने 'पंच परिवर्तन' के तहत सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी जीवनशैली, स्व का बोध और नागरिक कर्तव्यों के पालन जैसे विषयों पर विस्तार से विचार रखे। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ संस्कार, अनुशासन और राष्ट्रभाव भी आवश्यक हैं, तभी आत्मनिर्भर और सशक्त भारत का सपना साकार हो सकेगा।

संगोष्ठी के दौरान परिवार प्रबोधन, समय प्रबंधन, स्वरोजगार, सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण और स्वदेशी जीवनशैली जैसे विषयों पर भी विचार-विमर्श किया गया। युवाओं से अपने परिवार और आसपास के समाज से सकारात्मक परिवर्तन की शुरूआत करने, जल संरक्षण, पौधारोपण, स्वच्छता अभियान और प्लास्टिक मुक्त जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया गया। वक्ताओं ने कहा कि राष्ट्र के विकास की सबसे बड़ी शक्ति युवा हैं और उनके व्यक्तित्व निर्माण के माध्यम से ही विकसित भारत की संकल्पना को साकार किया जा सकता है।